दैनिक
राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र
DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26
www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com
करनाल
मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी    संपादक - डा.के.के.संधू    प्रबन्ध संपादकः सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227   वर्ष 9   अंक 103 बुधवार 15 अप्रैल, 2026   Wednesday 15 April, 2026   मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 8   मोब :9416406615,7404278000,9215537704




### योगी सरकार का बड़ा फैसला: नोएडा और गाजियाबाद के श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ी

**नोएडा, 14 अप्रैल ( निस ):** श्रमिक आंदोलन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। श्रमिकों की मांगों और कानून व्यवस्था की संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार ने राज्य में न्यूनतम मजदूरी की दरों में उल्लेखनीय वृद्धि करने की घोषणा की है। इस नए फैसले का सबसे अधिक लाभ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## पीएम मोदी ने किया दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का उद्घाटन

### सहारनपुर में पीएम मोदी का भव्य रोड शो, तिरंगा लहराकर जनता ने किया स्वागत





**देहरादून 14 अप्रैल ( निस ):** पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को देहरादून में दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का उद्घाटन कर एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने कहा कि आज दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के साथ उत्तराखंड की प्रगति में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ी है आपको याद होगा बाबा केदार के दर्शन के बाद, मेरे मुंह से अनायास निकला था कि इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा।उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि डबल इंजन सरकार की नीतियां और उत्तराखंड के लोगों के परिश्रम से ये युवा राज्य विकास के नए आयाम जोड़ रहा है। ये प्रोजेक्ट भी उत्तराखंड के विकास को नई गति देगा। इस एक्सप्रेसवे का बहुत बड़ा हिस्सा जो वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर के रास्ते यहां पहुंचता है। इससे गाजियाबाद बागपत, बड़ोत, शामली और सहारनपुर जैसे अनेक शहरों को भी बहुत फायदा होगा। टूरिज्म के लिहाज से ये प्रोजेक्ट बहुत अहम है। पूरे देश को इस प्रोजेक्ट की बधाई देता हूं।दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर 213 किलोमीटर लंबा, छह लेन वाला और एक्सेस कंट्रोल्ड दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर 12,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनाया गया है। यह कॉरिडोर दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों से होकर गुजरता है। वहीं, इससे दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा का समय वर्तमान में छह घंटे से अधिक से घटकर लगभग ढाई घंटे हो जाएगा। इस परियोजना के कार्यान्वयन में निर्बाध उच्च गति कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए 10 इंटरचेंज, तीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी), चार प्रमुख पुल और सड़क किनारे 12 जन सुविधाओं का निर्माण भी शामिल है। यात्रियों के लिए सुरक्षित और अधिक कुशल यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए यह कॉरिडोर उन्नत ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## मुख्यमंत्री ने पंचकूला में बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर को समर्पित समता मैराथन को दिखाई हरी झंडी

### मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा कर बढ़ाया उनका मनोबल

#### हरियाणा सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध , समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए चलाई अनेक योजनाएं- नायब सिंह सैनी




चंडीगढ़, 14 अप्रैल (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज यवनिका पार्क सेक्टर-5 से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को समर्पित समता मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह दौड सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इससे पूर्व, मैराथन स्थल पर पहुंचने पर युवाओं और बच्चों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी स्नेहपूर्वक लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने न केवल मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया, बल्कि प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा कर उनका मनोबल भी बढ़ाया। प्रतिभागियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों के साथ एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए ताऊ देवी लाल खेल स्टेडियम, सेक्टर-3 तक मैराथन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाबा साहेब की 135वीं जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, त्याग और संकल्प की एक अद्भुत गाथा है। उन्होंने अपने पूरे जीवन को समाज के उस वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया जो सदियों से वंचित और शोषित रहा। उन्होंने हमें केवल संविधान ही नहीं दिया बल्कि एक ऐसी विचारधारा दी जो समानता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांत पर आधारित हैं। आज की यह समता मैराथन उसी विचारधारा को जन जन तक पंहुचाने का एक सशक्त माध्यम है।उन्होंने कहा कि यह मैराथन हमें यह संदेश देती है कि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव, असमानता या अन्याय स्वीकार नहीं है। हमें मिलकर ऐसे भारत का निर्माण करना है जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले, हर नागरिक( **शेष पृष्ठ दो पर** )




**हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 135वीं जयंती अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।**

## पूरे देश ने बाबा साहेब अंबेडकर को किया नमन, प्रधानमंत्री, ओम बिरला सहित दिग्गज नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली14 अप्रैल ( निस ):** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर देश भर में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के शीर्ष नेतृत्व ने बाबा साहेब के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उन्हें सामाजिक न्याय का संवाहक बताया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक विशेष थ्रोबैक वीडियो साझा कर बाबा साहेब को नमन किया। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में जोर देकर कहा कि अंबेडकर केवल एक व्यक्ति का नाम नहीं है, बल्कि वे एक विराट संकल्प का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन संघर्ष की एक मिसाल रहा है, जिसमें उन्होंने समाज की कुरीतियों के खिलाफ डटकर लड़ाई लड़ी। पीएम मोदी के अनुसार, बाबा साहेब ने अपने व्यक्तिगत सम्मान की परवाह किए बिना दलित, पिछड़े और शोषित वर्ग को समाज की मुख्यधारा में लाने और उन्हें बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। अपमान सहने के बाद भी वे अपने सिद्धांतों से कभी पीछे नहीं हटे। प्रधानमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि 2014 के बाद से उनकी सरकार बाबा साहेब की विरासत को सहेजने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने महू, लंदन, दिल्ली, मुंबई और नागपुर से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का उल्लेख किया, ताकि आने वाली पीढ़ियां ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री, आज लेंगे शपथ



**पटना 14 अप्रैल ( निस ):** बिहार की राजनीति के लिए 14 अप्रैल 2026 का दिन राजनैतिक बदलाव का गवाह बना। करीब दो दशकों तक बिहार की सत्ता के केंद्र रहे नीतीश कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। नीतिश के इस्तीफे के बाद बिहार में भगवा दल के लिए सीएम बनने का रास्ता साफ हो गया। इसके बाद बीजेपी ने मुरेठाधारी सम्राट चौधरी के नेतृत्व में नई सरकार बनने का ऐलान कर दिया। इस नई सरकार का शपथ ग्रहण 15 अप्रैल को होने वाला है। राजनीति के जानकारों के अनुसार भाजपा के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि बिहार में लंबे समय बाद वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज होगी। बता दें कि कभी राजद और जदयू के सिपाही रहे सम्राट( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## परिवार की महिला मुखियाओं को 2000 रुपये, 3 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर : भाजपा ने तमिलनाडु चुनावों के लिए घोषणापत्र जारी किया




**चेन्नई 14 अप्रैल ( निस ):** भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को 2026 के तमिलनाडु चुनावों के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें परिवार की सभी महिला मुखियाओं को 2,000 रुपये की मासिक सहायता और हर परिवार को एक बार में 10,000 रुपये देने का वादा किया गया है। BJP, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) में AIADMK के साथ मिलकर 27 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने तीन मुफ्त LPG सिलेंडर देने का वादा किया है, जिनमें से एक-एक पोंगल, तमिल पुथांडु और दीपावली के मौकों पर दिया जाएगा। BJP के हिंदुत्व एजेंडे के अनुरूप, पार्टी ने घोषणा की कि वह भगवान मुरुगन के सम्मान में थाईपूसम को राज्य उत्सव घोषित करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि तिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी की चोटी पर कार्तिकई दीपम जलाने की परंपरा फिर से शुरू हो और आने वाले वर्षों तक सुरक्षित रहे। यह कदम जस्टिस स्वामिनाथन के उस आदेश के बाद आया है, जिसमें उन्होंने निर्देश दिया था कि तिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी की चोटी पर स्थित दीपा थून (दीपक स्तंभ) पर ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## कांग्रेस को जीत नहीं दिला पा रहे राहुल गांधी, पार्टी में उन्हें हटाने का माहौल- फडणवीस



**मुंबई 14 अप्रैल ( निस ):** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस में उन्हें हटाने का माहौल बन रहा है, क्योंकि वह पार्टी को चुनाव में जीत नहीं दिला पा रहे हैं। फडणवीस ने यह बात एक कार्यक्रम में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी केवल अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं और अपने नेतृत्व को लगातार मिल रही हार से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। फडणवीस ने दावा किया कि राहुल पार्टी के लिए चुनावी जीत सुनिश्चित करने में असमर्थ हैं। वह अपनी पार्टी के भीतर जारी संघर्ष से ध्यान हटाने के लिए ऐसे बयान देते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी आरोप लगाए थे कि बीजेपी और आरएसएस का उद्देश्य संविधान को खत्म करना है क्योंकि वे ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## देश बाबासाहेब के विचारों पर बना है, इसकी रक्षा के लिए आखिरी दम तक लड़ते रहेंगे - राहुल गांधी



**नई दिल्ली 14 अप्रैल ( निस ):** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यह देश बाबासाहेब के विचारों पर बना है। वे पूरी शक्ति के साथ आखिरी दम तक इनकी रक्षा के लिए लड़ते रहेंगे। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा- बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर ने हमें सिर्फ संविधान नहीं, न्याय, समानता और सम्मान पर आधारित एक सशक्त भारत का सपना दिया, लेकिन आज कुछ ताकतें सुनियोजित तरीके से बाबासाहेब की इस विरासत और हमारे संविधान को कमजोर कर रही हैं।उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को खोखला किया जा रहा है, अधिकारों को कुचला जा रहा है और समता की सोच पर हमला हो रहा है। उन्होंने आगे लिखा- यह देश बाबासाहेब के विचारों पर बना है। मैं पूरी शक्ति के साथ आखिरी दम तक इनकी रक्षा के लिए लड़ता रहूंगा। हम सब मिल कर बाबा साहेब के सपनों के भारत को फिर से साकार करेंगे। इसके साथ ही राहुल गांधी ने सभी को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## स्वच्छता एवं सर्वांगीण विकास की दिशा में आयाम स्थापित कर रहा करनाल नगर निगम : मनोहर लाल

### अंबेडकर जयंती पर निगम ने लोकार्पित की रोड स्वैपिंग मशीन व 150 रिक्शा रेहड़ियां



**करनाल 14 अप्रैल ( सुमन लता ) :** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण पहले की गईं। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने बतौर मुख्य अतिथि 76 लाख रुपए की लागत से खरीदी एक बड़ी रोड स्वैपिंग मशीन, 96 लाख रुपए की लागत से खरीदी दो छोटी रोड स्वैपिंग मशीन व 36 लाख रुपए की लागत से खरीदी रिक्शा रेहड़ियां को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। उन्होंने निगम परिसर में संवाद करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नगर निगम सीमा क्षेत्र में कुल 72 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए गए पांच आकांक्षी शौचालयों एवं वार्ड नंबर 10 सेक्टर 13 में गुलमोहर पार्क के नवीनीकरण की भी विधिवत घोषणा की गई। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि करनाल नगर निगम स्वच्छता एवं सर्वांगीण विकास की दिशा में लगातार अभूतपूर्व कार्य कर रहा है। सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों के सक्रिय सहयोग और सहभागिता से ही यह आदर्श परिकल्पना साकार रूप ले सकी है। कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि नागरिक सहभागिता से ही नगर निगम प्रशासन

#### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का मिला आशीर्वाद, निगम परिसर में संवाद कर किया उत्साहवर्धन

पूरी ईमानदारी और सजगता के साथ कार्य कर पा रहा है। सभी जनप्रतिनिधियों को यह सिलसिला कायम रखते हुए शहर के सर्वांगीण विकास में हर संभव योगदान करना चाहिए। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने संबोधन के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जनभागीदारी पर बल दिया। उन्होंने कहा कि करनाल को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। इसी सोच के साथ स्वच्छता और विकास की प्रक्रिया को एक साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से नगर निगम ने पहले भी उपलब्धियों के नए आयाम स्थापित किए हैं। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के सहयोग से यह क्रम इसी प्रकार बना रहेगा। उन्होंने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी.) के दिशा-निर्देशों के तहत 76 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई बड़ी रोड स्वीपिंग मशीन से मुख्य मार्गों की सफाई व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इसके साथ ही 96 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई दो छोटी रोड स्वीपिंग मशीन संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सफाई कार्य को और प्रभावी बनाएगी। इसके साथ ही 36 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई 150 रिक्शा-रेहडियां डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली को मजबूती देंगी। नगर निगम क्षेत्र में 72 लाख रुपये की लागत से मेरठ चौक, कर्ण( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## ईरान ने कहा- होर्मुज से भारतीय जहाजों का रास्ता नहीं रोकेंगे और न ही टैक्स लेंगे



**नई दिल्ली14 अप्रैल ( निस ):** वैश्विक राजनीति के केंद्र बने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बढ़ते तनाव के बीच भारत के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले भारतीय जहाजों से किसी भी प्रकार का कोई टोल टैक्स नहीं वसूल रहा है। इसके साथ ही ईरान ने यह भी वादा किया है कि भविष्य में भी भारतीय जहाजों को इस महत्वपूर्ण जलमार्ग से सुरक्षित रास्ता प्रदान किया जाएगा। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों और होर्मुज जलमार्ग पर नाकेबंदी करने का कड़ा रुख अपनाया है।भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फताली ने एक प्रेस वार्ता के दौरान इन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया कि ईरान या ओमान भारतीय जहाजों पर कोई टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान के संबंध ऐतिहासिक और भरोसेमंद हैं। मुश्किल समय में भारत ने खुद को एक समझदार और विश्वसनीय साथी साबित किया है, जिसका सम्मान करते हुए ईरान भारतीय हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। फताली ने यह भी जानकारी दी कि ईरान जल्द ही एक नई व्यवस्था की घोषणा करेगा, जिसमें इस जलमार्ग से जहाजों के निकलने की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और सुगम बनाया जाएगा।दूसरी ओर, वर्तमान स्थिति को देखते हुए भारत सरकार भी पूरी तरह सतर्क है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने जानकारी दी है कि होर्मुज क्षेत्र में मौजूद 15 भारतीय ध्वज वाले पोतों को सुरक्षित वापस लाने के प्रयास जारी हैं। सरकार विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर निरंतर संपर्क में है ताकि जैसे ही स्थितियां अनुकूल हों, इन जहाजों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## पृष्ठ एक का शेष...

### परिवार की महिला मुखियाओं को 2000 रुपये, 3 मुफ्त ...

औपचारिक दीपक जलाया जाए। इस आदेश के बाद सत्ताधारी द्रमुक, जिसने अनुमति देने से इनकार कर दिया था, और BJP, जिसने भक्तों को पहाड़ी की चोटी पर दीपक जलाने की अनुमति देने की मांग की थी, के बीच टकराव शुरू हो गया था। यह विवाद इतना बढ़ गया था कि अवमानना याचिकाएं दायर की गईं और पिछले साल संसद में भी इसकी गूंज सुनाई दी थी।इस बीच, अपने घोषणापत्र में BJP ने तमिलनाडु के रेल नेटवर्क में आमूल-चूल बदलाव करने का भी वादा किया है। इसके तहत उचित कीमतों पर भूमि अधिग्रहण को संभव बनाया जाएगा और हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (चेन्नई-बेंगलुरु, चेन्नई-हैदराबाद), कोयंबटूर-तिरुपुर-सेलम RRTS, विल्लुपुरम-चेन्नई सेमी-अर्बन रेल, हाइड्रो पावर ट्रेन परियोजना और चेन्नई को दिल्ली, मुंबई और कोलकाता से जोड़ने वाली नई स्लीपर वंदे भारत ट्रेनों जैसी परियोजनाओं के माध्यम से कनेक्टिविटी का विस्तार किया जाएगा।महिलाओं के लिए, पार्टी ने अपराधों से निपटने का वादा किया है। इसके तहत ज़ीरो-FIR रिपोर्टिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जाएगा, पीड़ितों और गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाएगी, यौन अपराधों जैसे जघन्य मामलों की सुनवाई के लिए विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतें स्थापित की जाएंगी, बसों, स्कूलों और विश्वविद्यालयों में 100 प्रतिशत ब्लाइंड-स्पॉट-मुक्त CCTV कवरेज सुनिश्चित किया जाएगा, और निर्भया कोष का इष्टतम उपयोग किया जाएगा।

### सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री, ...

आज भाजपा के उस 'किंग' की भूमिका में नजर आएंगे, जिन्होंने नीतीश के साथ सत्ता की साझेदारी में अपनी एक अलग और मजबूत पहचान बिहारवासियों के सामने बनाई। दरअसल सम्राट चौधरी को राजनीति विरासत में मिली है।

### पीएम मोदी ने किया दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक ...

यातायात प्रबंधन प्रणाली (एटीएम) से सुसज्जित है।पीएम ने कहा कि आज डॉ बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती भी है। मैं सभी देशवासियों की ओर से बाबा साहेब को कोटि-कोटि श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। बीते दशक में हमारी सरकार ने जो नीतियां बनाईं, जो फैसले लिए वह संविधान की गरिमा को फिर से स्थापित करने वाले रहे। धारा 370 हटने से आज पूरे देश में भारत का संविधान लागू है, जिन जनजातीय जिलों में नक्सलवाद खत्म हुआ है। वहां भी अब संविधान की भावना के अनुरूप काम हो रहा है। देश में समान नागरिक संहिता लागू हो। ये हमारे संविधान की अपेक्षा है। उत्तराखंड ने संविधान की इस भावना को आगे बढ़कर और उस भावना को आगे बढ़ाकर। पूरे देश को राह दिखाई है।उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब का जीवन गरीबों को वंचितों को शोषितों को न्यायपूर्ण व्यवस्था देने के लिए समर्पित था। हमारी सरकार आज उसी भावना के साथ हर गरीब, हर वंचित को सामाजिक न्याय देने में जुटी है सामाजिक न्याय देश के संतुलित विकास का एक बहुत बड़ा माध्यम है। सबको सुविधा है, सबकी समृद्धि है, इसलिए ही बाबा साहब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगीकरण की भरपूर वकालत करते थे। भविष्य की दशा और दिशा क्या होगी? अक्सर लोग इसके लिए हाथ की रेखाओं को देखते हैं दिखाते हैं जो भविष्यवेत्ता होते हैं ना वो हस्त रेखाएं देखते हैं और हर व्यक्ति के भविष्य के विषय में बताते हैं, लेकिन में इसी संदर्भ को राष्ट्र जीवन से जोड़ कर के देखूं तो राष्ट्र की भाग्य रेखाएं कौन-सी होती है? राष्ट्र की भाग्य रेखाएं ये हमारी सड़कें होती हैं, हमारे हाईवे होते हैं।

**सहारनपुर में पीएम मोदी का भव्य रोड शो, तिरंगा लहराकर जनता ने किया स्वागत** – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में भव्य रोड शो किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर के उद्घाटन से पहले आयोजित इस रोड शो के दौरान सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने जहां मोदी-मोदी के नारे लगाए वहीं हाथों में तिरंगा थामकर प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी की एक झलक पाने के लिए सुबह से ही लोग सड़क किनारे जमा हो गए थे। जैसे ही उनका काफिला आगे बढ़ा, मोदी-मोदी, भारत माता की जय और जय श्री राम के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। लोगों ने फूलों की वर्षा कर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया, जिससे पूरे माहौल में उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। इस मौके पर कई लोग पारंपरिक वेशभूषा में भी नजर आए। स्थानीय कलाकारों ने लोक नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत को और भी आकर्षक बना दिया।


**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड्ढीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाइल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें। कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**



कृष्ण कुमार सन्धु, सम्पादक, पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएमडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब, सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227


### पूरे देश ने बाबा साहेब अंबेडकर को किया नमन, प्रधानमंत्री...

उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें।

गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहेब ने एक ऐसा संविधान दिया जिसने भारतीय लोकतंत्र की नींव को मजबूती प्रदान की। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि अंबेडकर ने देश की अखंडता को सर्वोपरि रखते हुए धारा 370 का विरोध किया था। वहीं, राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार ने उन्हें सामाजिक न्याय का पुरोधा बताते हुए कहा कि उनके आदर्श एक समावेशी राष्ट्र के निर्माण के लिए मार्गदर्शक हैं। पूर्व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बाबा साहेब को संविधान का शिल्पी बताते हुए कहा कि समता और स्वतंत्रता के जिन मूल्यों की स्थापना उन्होंने की थी, आज उन्हीं के आधार पर विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध किया जा रहा है। देश के इन प्रमुख नेताओं ने एक स्वर में बाबा साहेब के विचारों को आधुनिक भारत के निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

### ईरान ने निभाई दोस्ती कहा- होर्मुज से भारतीय जहाजों का ...

की जा सके। महत्वपूर्ण बात यह है कि ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी के प्रस्ताव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी तरह समर्थन नहीं मिल रहा है। ब्रिटेन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह इस नाकेबंदी का समर्थन नहीं करेगा, जबकि जापान और ऑस्ट्रेलिया ने भी इस मामले में सतर्कता बरतते हुए अपने कदम पीछे खींचे हैं। इस बीच, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करने की घोषणा की है। ईरान के इस ताजा रुख और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के सक्रिय होने से भारतीय व्यापारिक जहाजों के लिए पैदा हुआ अनिश्चितता का बादल काफी हद तक छंटता नजर आ रहा है।

### कांग्रेस को जीत नहीं दिला पा रहे राहुल ...

नहीं चाहते कि भारत में सभी को समान माना जाए। उन्होंने मंडी हाउस से 14 अप्रैल को भीमराव आंबेडकर की जयंती से पहले यहां रन फॉर आंबेडकर, रन फॉर कॉन्स्टीट्यूशन मैराथन शुरू होने से पहले एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आंबेडकर का मुख्य संदेश संविधान का था। संविधान के बिना जिसे हम भारत कहते हैं, वह नहीं होता। उन्होंने कहा था आज जो लोग आरएसएस-बीजेपी की सोच के हैं, वे संविधान को खत्म करना चाहते हैं। वे कुछ भी कहें, उनका असली उद्देश्य संविधान को मिटाना है क्योंकि वे नहीं चाहते कि भारत में सभी को समान माना जाए। बता दें शनिवार को समाज सुधारक ज्योतिराव फुले की स्मृति में आयोजित समारोह में पीएम मोदी और राहुल गांधी की मुलाकात हुई थी। यह बातचीत इसलिए खास है क्योंकि सार्वजनिक कार्यक्रमों में दोनों नेताओं को शिष्टाचार का आदान-प्रदान करने के अलावा शायद ही कभी एक-दूसरे से बात करते देखा जाता है। पीएम जब फुले की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे, तो लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई गणमान्य व्यक्ति एक पंक्ति में खड़े थे। सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन करने के बाद पीएम मोदी, राहुल गांधी के पास रुके और उनसे बातचीत करने लगे। यह पता नहीं चल पाया कि एक मिनट की इस बातचीत में उन्होंने किस बारे में बात की।

### देश बाबासाहेब के विचारों पर बना है, इसकी रक्षा के लिए....

खड़गे ने भी बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर लिखा- बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती पर हम उस दूरदर्शी महापुरुष को नमन करते हैं, जिन्होंने भारत को उसकी नैतिक और संवैधानिक आत्मा प्रदान की। बाबासाहेब न सिर्फ भारत के संविधान के निर्माता थे, बल्कि स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के लिए एक अथक योद्धा भी थे। ये वे मूल्य हैं जो भारत के मूल विचार को परिभाषित करते हैं।उन्होंने आगे लिखा- आज, जब संविधान एक षड्यंत्रकारी हमले का सामना कर रहा है, तब उनके शब्द और उनकी चेतावनियां एक नई और गहन प्रासंगिकता के साथ गूंज रही हैं। यह एक ऐसा क्षण है जो साहस और दृढ़ विश्वास की मांग करता है। हमें केवल उन्हें याद ही नहीं करना चाहिए, बल्कि हमें उठ खड़े होकर उनके स्थापित हर सिद्धांत की रक्षा करनी चाहिए। उनकी ओर से सुनिश्चित किए गए हर अधिकार को सुरक्षित रखना चाहिए। इसके साथ ही, उन सभी मूल्यों को अक्षुण्ण रखना चाहिए जिनके लिए वे जिए और जिनके लिए उन्होंने संघर्ष किया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर ने हर एक भारतीय को संविधान के रूप में एक सुरक्षाकवच दिया, जो स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुत्व की गारंटी है। उन्होंने पोस्ट में लिखा-बाबासाहेब के अथक प्रयासों से वंचित वर्गों के सवाल हमारे स्वतंत्रता आंदोलन और संविधान का अभिन्न हिस्सा बने। सबको समान अवसर, समान अधिकार और सबका कल्याण ही बाबासाहेब की विचारधारा का मूल है। संविधान के मूल्यों व बाबासाहेब के विचारों की रक्षा का संकल्प ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

### योगी सरकार का बड़ा फैसला: नोएडा और ...

नोएडा और गाजियाबाद में कार्यरत कुशल और अकुशल श्रमिकों को मिलेगा, जिन्हें अब प्रदेश के अन्य हिस्सों के मुकाबले सबसे ज्यादा वेतन प्राप्त होगा।सरकार द्वारा गठित एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सिफारिशों के आधार पर सभी श्रेणियों के लिए संशोधित दरों को मंजूरी दे दी गई है। ये नई अंतरिम दरें 1 अप्रैल से प्रभावी मानी जाएंगी। इसका अर्थ यह है कि श्रमिकों को अगले महीने मिलने वाले अप्रैल के वेतन में यह बढ़ी हुई राशि जुड़कर मिलेगी, जिससे उनके आर्थिक स्तर में सुधार की उम्मीद है।मजदूरी की नई दरों के अनुसार, नोएडा और गाजियाबाद में अकुशल श्रमिकों के वेतन में सीधे 2,377 रुपये की वृद्धि की गई है। अब तक इन क्षेत्रों में अकुशल श्रमिकों को मूल वेतन और महंगाई भत्ते सहित 11,313 रुपये मिलते थे, जो अब बढ़कर कम से कम 13,690 रुपये हो जाएंगे। अन्य नगर निगम वाले जिलों में यह राशि 13,006 रुपये और सामान्य जनपदों में 12,356 रुपये तय की गई है। अर्धकुशल श्रमिकों की श्रेणी में भी नोएडा और गाजियाबाद को प्राथमिकता दी गई है। यहां अब उन्हें 12,445 रुपये के स्थान पर 15,059 रुपये मिलेंगे, जो कि 2,614 रुपये का मासिक इजाफा है। अन्य नगर निगम क्षेत्रों में अर्धकुशल श्रमिकों को 14,306 रुपये प्राप्त होंगे। कुशल श्रमिकों के लिए भी यह फैसला बड़ी राहत लेकर आया है। नोएडा और गाजियाबाद के कुशल कामगारों के वेतन में 2,928 रुपये की बड़ी बढ़ोतरी की गई है, जिससे अब उनकी न्यूनतम मजदूरी 13,940 रुपये से बढ़कर 16,868 रुपये हो गई है। प्रदेश के अन्य नगर निगम वाले जिलों में यह दर 16,025 रुपये और शेष जनपदों में 15,224 रुपये निर्धारित की गई है। सरकार के इस त्वरित फैसले को हालिया श्रमिक असंतोष को शांत करने और औद्योगिक शांति बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# ओबीसी संगठन उत्तर रेलवे कालका वर्कशॉप में महात्मा ज्योतिबा फुले जी बी.पी.मंडल जी,बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जी को पुष्पांजलि अर्पित की गई



**कालका, 14 अप्रैल ( अख्तर फ़ारूक़ी,अजीत सिंह ):** शोषित, वंचित, पिछड़े गरीब ओबीसी समाज के लोगों को हक और न्याय दिलवाने के शिल्पकार मंडल कमिशन के जनक, ओबीसी समाज के लिए सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण की नींव रखकर उनको न्याय दिलाने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बिन्देश्वरी प्रसाद मंडल (बी.पी. मंडल) जी की पुण्यतिथि 13 अप्रैल 2026 को केंद्रीय सहायक महामंत्री संजीव कुमार के नेतृत्व में कालका वर्कशॉप में 15 बजे एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कारखाना ऑडिटर रवि कुमार ने की । इस कार्यक्रम में निर्माण प्रबंधक हरदेव सिंह , एनआरएमयू डिविजन के शाखा सचिव जय प्रकाश,एनआरएमयू वर्कशॉप ब्रांच सचिव प्रदीप शर्मा,यूआरएमयू वर्कशॉप के शाखा अध्यक्ष रविंदर शर्मा,एससी /एसटी डिवीजन के शाखा सचिव राजेश कुमार प्रेमी एससी /एसटी वर्कशॉप ब्रांच सचिव सोनकी राम , सभी यूनियन एवं एसोसिएशन अपनी टीम सहित इस आयोजन में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओबीसी कम्युनिटी से बीजेपी से ज़ोनल महामंत्री चरणप्रीत सिंह उपस्थित हुए। संजीव कुमार द्वारा एवं निर्माण प्रबंधक हरदेव सिंह , बीजेपी ज़ोनल महामंत्री चरणप्रीत सिंह को सिरोपा पहनाकर उनका स्वागत सम्मान किया। चरणप्रीत सिंह ने इस सफ़ल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सहायक महामंत्री संजीव कुमार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं सभी महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की। सभी यूनियनों एवं एसोसिएशन के सचिवों ने महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की और सहायक महामंत्री संजीव कुमार द्वारा सफ़ल कार्यक्रम आयोजित करने एवं सभी को एक मंच पर एकत्रित करने के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी वक्ताओं तीनों महापुरुषों के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला और महापुरुषों के जीवन एवं संघर्ष से मिली सीख को अपने जीवन में उतारने तथा अम्ल करने को भी कहा। इस सफ़ल कार्यक्रम आयोजित करने एवं महात्मा ज्योतिबा फुले जी, बी.पी.मंडल जी डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी तीनों महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए सभी को इस आयोजन में शामिल करने के लिए धन्यवाद दिया तथा संजीव कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष सतविंदर सिंह उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, सहायक शाख सचिव मान सिंह शाखा लेखा परीक्षक शक्ति धीमान, शाखा सहायक सचिव वीरेंद्र सिंह, राकेश यादव, मोहन सिंह, देवराज , शुभम धीमान और अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ता सदस्यों साथियों ने भाग लिया।

# सांसद कार्तिकेय शर्मा और विधायक शक्ति रानी शर्मा ने सुनीं जनसमस्याएं,लापरवाह अधिकारियों की लगाई क्लास



**पिंजौर, 14 अप्रैल ( अजीत सिंह, अख्तर फारूखी ):** सांसद कार्तिकेय शर्मा और कालका से विधायक शक्ति रानी शर्मा ने सोमवार को पिंजौर स्थित वन विभाग के विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) में जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सांसद और विधायक ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि कालका विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं में कोताही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। **लापरवाह अधिकारियों की जमकर लगी क्लास** – जनसुनवाई के दौरान जब कई विभागों की लापरवाही के मामले सामने आए, तो सांसद कार्तिकेय शर्मा ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने सख्त लहजे में कहा, कालका विधानसभा क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। यदि कोई अधिकारी अपने काम में ढिलाई बरतता है या जनता को परेशान करता है, तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। **विकास कार्यों का निरीक्षण और सख्त आदेश** – जनसुनवाई के बाद सांसद ने शहर का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निम्नलिखित मुख्य निर्देश जारी किएसड़कों की गुणवत्ता और समयसीमा- सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने आदेश दिया कि निर्माणाधीन सड़कों का काम समय से पहले पूरा किया जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई : एक स्थान पर सड़क निर्माण में खामी और ठेकेदार द्वारा उसे ठीक न करने की शिकायत पर सांसद ने तुरंत कड़ा एक्शन लिया। उन्होंने अधिकारियों को उस ठेकेदार को नोटिस देने और उसकी सिक्योरिटी राशि जब्त करने के आदेश दिए।जिन विकास कार्यों को लेकर जनता ने शिकायत दर्ज कराई है, उन्हें सांसद ने दोबारा (रीवर्क) करने के निर्देश दिए हैं। **सिंचाई विभाग और पहाड़ी क्षेत्रों पर नजर** – पहाड़ी क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर सांसद ने सिंचाई विभाग (इरीगेशन डिपार्टमेंट ) को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदियों के किनारों की उचित देखभाल की जाए और जहां भी कटाव या कोई अन्य तकनीकी दिक्कत है, उसे तुरंत ठीक किया जाए ताकि मानसून या अन्य स्थितियों में पहाड़ी क्षेत्रों को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से कहा की मानसून से पहले यह काम पूरा हो। **जनता के प्रति प्रतिबद्धता** – विधायक शक्ति रानी शर्मा और सांसद कार्तिकेय शर्मा ने साझा रूप से कहा कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे कार्यालयों में बैठकर नहीं, बल्कि धरातल पर उतरकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें।

# खालसा साजना दिवस एवं वैसाखी के पावन अवसर पर विशाल निःशुल्क मेडिकल हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन : टी.पी. सिंह

**अम्बाला, 14 अप्रैल ( कवलजीत सिंह ):** खालसा साजना दिवस एवं वैसाखी के शुभ अवसर पर दुखभंजनी चैरिटेबल पॉलीक्लिनिक, नाहन हाउस चौक, पुलिस चौकी नंबर 4 के सामने, अम्बाला सिटी में आज एक विशाल नि:शुल्क मेडिकल हेल्थ चेक-अप कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर स्वास्थ्य विभाग एवं डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी ,अम्बाला के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें इदरीश फाउंडेशन का भी विशेष योगदान रहा। इस कैंप का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, विशेषकर जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध करवाना रहा।इस अवसर पर अंबाला जिला स्वास्थ्य विभाग की सीएमओ डॉ. रेणु बैरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कैंप का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सराहना की तथा लोगों से ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।कैम्प में एच.एस.जी.पी.सी. के पूर्व मीत प्रधान सुदर्शन सिंह सहगल ने भी शिरकत की। उन्होंने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं और जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत प्रदान करते हैं। इस मौके पर सीनियर डॉ तजिंदर सिंह साहनी और डॉ सुरजीत कौर साहनी विशेष रूप से उपस्थित थे।श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सेवा सोसाइटी के प्रधान टी.पी. सिंह ने बताया कि इस मेडिकल कैंप में अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इनमें ऑर्थोपेडिक (हड्डी रोग), नेत्र रोग, जनरल फिजिशियन, ईएनटी (कान, नाक, गला), डेंटल केयर तथा फिजियोथेरेपी जैसी सेवाएं शामिल रहीं। प्रत्येक मरीज की गहन जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। कैंप में आए सभी लोगों को मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया। इसके साथ ही आवश्यक ब्लड टेस्ट, छाती का एक्स-रे तथा सामान्य स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं भी पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध करवाई गईं। आधुनिक उपकरणों एवं प्रशिक्षित स्टाफ के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित की गईं।विशेष रूप से कैंप में 25 से 30 मरीजों की आंखों की जांच भी की गई।

### स्वच्छता एवं सर्वांगीण विकास की दिशा में आयाम स्थापित कर...

कैनाल, मीरा घाटी, काछवा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे और पश्चिम नहर के किनारे आकांक्षी शौचालय बनाए गए हैं, जिनमें पुरुष, महिला और दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त, वार्ड नंबर-10 सेक्टर-13 स्थित गुलमोहर पार्क का नवीनीकरण कर उसे वेस्ट-टू-वंडर पार्क के रूप में विकसित किया गया है, जहां कचरे से आकर्षक संरचनाएं, सेल्फी प्वाइंट और पर्यावरणीय सौंदर्यीकरण किया गया है। यह कार्य सीएसआर फंड के अंतर्गत किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और करनाल को स्वच्छता के क्षेत्र में देश का अग्रणी शहर बनाने में सहयोग दें। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, निगम आयुक्त डा. वैशाली शर्मा, एएमसी अशोक कुमार, डीएमसी विनोद नेहरा सहित सभी वार्डो के पार्षद, प्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सफाई सुपरवाईजरों को किया सम्मानित** – नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु पूरे शहर को 49 बीट्स में विभाजित किया गया है। इन बीट्स में कार्यरत सुपरवाइजर्स के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए मेरी बीट मेरी पहचान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मार्च माह के विजेताओं की घोषणा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इनमें सुरेंद्र कुमार, विजय राणा, संजय और रमेश शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री ने पंचकूला में बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर को समर्पित समता ...

को सम्मान मिले और कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित ना रहे। यही बाबा साहेब का सपना था और यही हमारे संविधान की आत्मा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई है, जिनका उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पंहुचाना है। उन्होंने कहा कि चाहे शिक्षा के क्षेत्र में छात्रवृति योजनाएं हो, रोजगार के अवसर हो या सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं- हरियाणा सरकार हर स्तर पर समानता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का स्पष्ट मानना है कि जब तक समाज का हर वर्ग सशक्त नहीं होगा तब तक प्रदेश और देश का समग्र विकास संभव नहीं है। इसलिए हम लगातार ऐसी नीतियां बना रहे है जो समाज के कमजोर वर्गों को मुख्य धारा में लाने का कार्य करे।मुख्यमंत्री ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि आप देश का भविष्य है और आप सभी के कंधों पर एक सशक्त और समनतामूलक समाज के निर्माण की जिम्मेदारी है। बाबा साहेब ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया था। उन्होंने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। हमें उनके इन शब्दों को अपने जीवन में उतारना होगा। शिक्षा, जागरूकता और एकता के माध्यम से ही हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब को नमन करते हुए लोगों से उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करें जो समता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों पर आधारित हो।इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहन लाल बडौली, राज्य सभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा, हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेनू भाटिया, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता, उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा, सामुदायिक पुलिसिंग और आउटरिच कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री के विशेष अधिकारी आईजी श्री पंकज नैन, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक श्रीमती वर्षा खंगवाल, अतिरिक्त निदेशक श्री मनीष लौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


**COURT NOTICE**
**In the Court of**
**Ms. Yachna**
**Civil Judge (Senior Division), Panipat**
**CNR No. HRPP02-002089-2022**
**Next Date : 13.07.2026**
**CS/1693/2022**
Punjab and Sind Bank
Versus
Sonu
Notice to: 1. Sonu s/o Attar Singh r/o New Dalbir Nagar Kutani Road Panipat, 2. Attar Singh s/o Balbir Singh r/o New Dalbir Nagar Kutani Road, Panipat
In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 13.07.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Panipat
Dated this day of 10-04-2026
**Sd/- Civil Judge (Senior Division), Panipat**

# पंजाबी महासभा जल्द करवाएगी श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक यात्रा शुरू : संतोष कुकड़ेजा



**शाहाबाद मारकंडा, 14 अप्रैल ( रूबी ) :** पंजाबी महासभा की एक बैठक सोमवार देर सायं श्रीमद् भगवती मां शाकुम्भबरी देवी मंदिर परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता शहरी प्रधान शुभम साहनी व नपा प्रधान गुलशन कवातरा ने की। बैठक उपरांत जानकारी देते हुए पंजाबी महासभा के महासचिव संतोष कुकडेजा ने बताया कि अगले महीने के प्रथम सप्ताह में श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक यात्रा शुरू की जाएगी। जिसके लिए रजिस्ट्रेशन आरंभ हो चुके है। कुकडेजा ने बताया कि महासभा द्वारा स्वर्गाश्रम के बाहर जल्द ही दीवार का निर्माण कार्य भी शुरु करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि महासभा द्वारा समय-समय पर धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता है। इस मौके पर कमित सचदेवा, अभिषेक छाबडा, शिवम कवातरा, हरीश मुंजाल, राघव, अभिषेक चावला आदि मौजूद थे।

# धरौदी में बाबा साहब अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई लाइब्रेरी से 9 युवाओं को मिला रोजगार



**नरवाना, 14 अप्रैल ( नरेन्द्र कुमार ) :** अंबेडकर भवन में आज डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों व युवाओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर की खास बात यह रही कि बाबा साहब के नाम पर पिछले करीब चार वर्षों से संचालित लाइब्रेरी आज गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बनी हुई है। इस लाइब्रेरी से अध्ययन कर अब तक 9 बच्चों को रोजगार प्राप्त हो चुका है, जो कमेटी के प्रयासों और गांव की जागरूकता का परिणाम है। यहां निरंतर छात्र-छात्राएं अध्ययन कर अपने भविष्य को संवार रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बिट्टू नैन ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब का दिया नारा— शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो— आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने युवाओं को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। गांव के बुजुर्गों व मैत्री शक्ति के सदस्यों ने भी इस अवसर पर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया। वक्ताओं ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब के विचार हमें हमेशा समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देते रहेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन विजेंद्र माथुर ने किया। इस मौके पर संस्थापक कृष्णा धरोधी, प्रधान विजेंद्र माथुर, महाशिव, सुनील दहिया कैशियर, सुनील मास्टर, उपप्रधान दिलबाग, गुरदयाल बामनिया, सोनू बटोहिया, दीपक बामनिया, चंद्रभान ग्रोवर, सतवीर सिंह माथुर, कुलदीप माथुर, डॉ. सतीश माथुर, दिलीप सिंह बटोहिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बैसाखी पर एस.एम.एस. मैमोरियल पब्लिक स्कूल में भांगड़ा, गिद्धा एवं लोकगीत की प्रस्तुति




**तरावड़ी, 14 अप्रैल ( छाया शर्मा ) :** एस.एम.एस. मैमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी में बैसाखी पर्व एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक गुरशरण ग्रेवाल तथा विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा कौशिक द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यार्थियों ने बैसाखी पर्व से संबंधित रंगारंग प्रस्तुतियां जैसे भांगड़ा, गिद्धा एवं लोकगीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और उल्लास का संचार हुआ। डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं उनके आदर्शों पर आधारित भाषण, नाटक एवं कविताएं प्रस्तुत की गईं, जिनसे विद्यार्थियों को प्रेरणा प्राप्त हुई। बैसाखी का पर्व विशेष रूप से किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह रबी की फसल के पककर तैयार होने की खुशी में मनाया जाता है। साथ ही इस दिन सिख धर्म में खालसा पंथ की स्थापना भी हुई थी, जिसके कारण इसका धार्मिक महत्व भी अत्यधिक है। विद्यालय में दोनों अवसरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सामाजिक समानता, शिक्षा और एकता का संदेश दिया। विद्यालय के प्रबंधक गुरशरण ग्रेवाल ने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को बैसाखी और अंबेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में परिश्रम, अनुशासन और सच्चाई को अपनाकर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। प्राचार्या डॉ. विभा कौशिक ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझना चाहिए तथा डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज के उत्थान में योगदान देना चाहिए। बैसाखी हमें मेहनत, खुशियों को साझा करने और प्रकृति का सम्मान करना सिखाती है, जबकि अंबेडकर जयंती हमें शिक्षा, समानता और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देती है। इन दोनों त्योहारों से हमें एक अच्छा, जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने की शिक्षा मिलती है। कार्यक्रम के अंत राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# प्रताप पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जलियांवाला बाग की दर्दनाक घटना को किया जीवंत रूप में प्रस्तुत




**तरावड़ी, 14 अप्रैल ( छाया शर्मा ) :** प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी में बैसाखी पर्व मनाया गया। बैसाखी तथा जलियांवाला बाग़ हत्याकांड के पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी बच्चों एवं स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक सुंदर एवं प्रभावशाली नाटिका रही। इस नाटिका के माध्यम से बच्चों ने जलियांवाला बाग़ की दर्दनाक घटना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित सभी दर्शकों की आँखें नम हो गईं और सभी को इतिहास की उस महत्वपूर्ण घटना की याद ताज़ा हो गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार ने विद्यार्थियों को वैसाखी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बैसाखी केवल फसल कटाई का पर्व ही नहीं, बल्कि हमारे देश के इतिहास से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

साथ ही उन्होंने जलियांवाला बाग़ हत्याकांड के बारे में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को देशभक्ति और बलिदान की भावना से प्रेरित किया। विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी ने बैसाखी और जलियांवाला बाग़ के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को इतिहास से सीख लेकर देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के निर्देशक हनी चौधरी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुत नाटिका की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से एक गंभीर ऐतिहासिक घटना को बहुत ही संवेदनशील और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है।

# श्याम बाल वाटिका में बैसाखी की धूम, गाँव की झलक ने मोह लिया सभी का मन



**नरवाना, 14 अप्रैल ( नरेन्द्र कुमार ) :** श्याम बाल वाटिका के तीनों विद्यालयों में बैसाखी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को खूबसूरत ग्रामीण परिवेश में सजाया गया, जहाँ विद्यार्थियों ने गाँव का जीवंत दृश्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, कृषि परंपराओं और किसानों के महत्व से अवगत कराना रहा। विद्यार्थियों को विभिन्न फसलों की जानकारी दी गई और उन्हें समझाया गया कि हमारे जीवन में किसान का योगदान कितना अहम है। छोटे बच्चों को अलग-अलग अनाजों की पहचान भी करवाई गई, जिससे उनके ज्ञान में व्यावहारिक वृद्धि हुई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने फसलों की थीम पर आधारित आकर्षक और रंग-बिरंगी रंगोलियाँ बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। वहीं पारंपरिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। बच्चों की ऊर्जा और उत्साह ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। विद्यालय के निदेशक कृष्ण अरोड़ा एवं प्रधानाचार्या ज्योति अरोड़ा ने बच्चों को बैसाखी पर्व के महत्व से परिचित कराते हुए अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से जुड़े रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि बच्चों को सांस्कृतिक, सामाजिक और व्यवहारिक ज्ञान से भी समृद्ध करना चाहिए। इसी उद्देश्य के तहत विद्यालय समय-समय पर इस प्रकार के शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है।

# बाबा साहेब के विचारों पर चलकर ही सामाजिक न्याय और समानता का सपना साकार हो सकता है : कुलवंत बाजीगर



**चीका/कैथल, 14 अप्रैल ( सुरेंद्र कुमार ) :** भारत रत्न बी आर अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेने के लिए गुहला क्षेत्र से कार्यकर्ताओं का जत्था रवाना हुआ। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने कार्यकर्ताओं को हरी झंडी दिखाकर पंचकूला के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश को ऐसा संविधान दिया, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय की गारंटी देता है। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कुलवंत बाजीगर ने कहा कि सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा को बढ़ावा देना ही बाबा साहेब के सपनों को साकार करने का सबसे बड़ा माध्यम है। समाज में जागरूकता और शिक्षा के प्रसार से ही भेदभाव और असमानता को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ लोगों को संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूक करने का कार्य करते हैं। बाबा साहेब के विचारों को अपनाकर ही समतामूलक और विकसित समाज की स्थापना की जा सकती है। इस अवसर पर महेंद्र चीमा, मंडल अध्यक्ष संजीव मित्तल, महामंत्री रामकुमार शर्मा, सोनू सरपंच सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**मूनक, 14 अप्रैल ( जयभगवान ) :** मूनक में डॉक्टर बी राय अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बाबा साहब की मूर्ति पर फूल अर्पित कर नमन किया। बाबा साहब के जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसने मार्केट कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण राणा ने उसके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी का जीवन संघर्ष, ज्ञान व संकल्प का उदाहरण है। उनके विचार विचार हमें एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं जहां पर हर नागरिक को अपना समान अधिकार का अवसर प्राप्त हो। हमें उनके आदर्श को अपनाकर सामाजिक, न्याय, समानता और शक्तिकरण के उनके सपनों को सरकार करने का संकल्प लेना चाहिए। हमें ऐसे महान पुरुषों को हमेशा याद रखना चाहिए। असी मोर्चा के अध्यक्ष ओमप्रकाश ने कहा कि बाबा साहब ने देश को नया नई दिशा दिखाई। समाज में गरीब लोगों को जीवन की राह दिखाई। उन्होंने समाज में शिक्षा का महत्व बताया और नारी को समाज में सामानता दिलाई। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष गुलाब सिंह मूनक, ब्लॉक समिति वॉइस अध्यक्ष अजय कुमार, बाबा धोनी दास, ग्राम महासचिव नेत्रपाल राणा, दिनेश पटवारी ,दलवीर पंच, सुभाष गोरिया सैकड़ो ग्रामीणों में बाबा साहब की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए।

# कडकोली गांव के पास काटी जा रही है अवैध कॉलोनी




**यमुनानगर, 14 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** प्रताप नगर से बिलासपुर रोड पर स्थित कड़कोली गांव के आसपास इन दिनों अवैध कॉलोनियों के कटने का मामला तेजी से चर्चा में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां बिना किसी वैधानिक अनुमति के जमीनों को छोटे-छोटे प्लॉटों में बांटकर बेचा जा रहा है, और खरीदारों को मूलभूत सुविधाओं के नाम पर केवल झूठे वादे किए जा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों अनुसार, यह कॉलोनियां न तो सबंधित विभाग से स्वीकृत हैं और न ही इनमें सड़क, पानी, बिजली, सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाओं का कोई इंतजाम है। इसके बावजूद प्रॉपर्टी डीलर और कॉलोनी काटने वाले लोग भोले-भाले ग्राहकों को आकर्षक विज्ञापनों और बड़े-बड़े सपने दिखाकर जमीन बेच रहे हैं। कई जगहों पर भविष्य की स्मार्ट कॉलोनी जल्द मिलने वाली सभी सुविधाएं जैसे दावे किए जा रहे हैं, जो हकीकत से कोसों दूर हैं।

सबसे गंभीर आरोप तहसील स्तर पर हो रही रजिस्ट्रियों को लेकर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब कॉलोनियां अवैध हैं, तो इनकी रजिस्ट्री आखिर कैसे हो रही है। इससे प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि कुछ अधिकारियों और दलालों की मिलीभगत से यह पूरा खेल चल रहा है, जिससे सरकारी नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है।

कई खरीदारों ने बताया कि उन्होंने अपनी जीवन भर की जमा पूंजी लगाकर यहां प्लॉट खरीदे, लेकिन बाद में पता चला कि न तो यह कॉलोनी मान्यता प्राप्त है और न ही यहां किसी प्रकार की सुविधा विकसित की जा रही है। कुछ लोगों ने यह भी बताया कि जब उन्होंने संबंधित डीलरों से संपर्क करने की कोशिश की, तो या तो उन्हें टाल दिया गया या फिर संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

लोगों का कहना है कि अवैध कॉलोनियों में निवेश करना बेहद जोखिम भरा होता है। ऐसी जगहों पर न तो बैंक से लोन आसानी से मिलता है और न ही भविष्य में मकान बनाने के लिए जरूरी सरकारी अनुमतियां मिल पाती हैं। इसके अलावा, अगर प्रशासन कभी कार्रवाई करता है, तो ऐसी कॉलोनियों को तोड़ा भी जा सकता है, जिससे खरीदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो और भी लोग इस जाल में फंस सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है कि जिन लोगों ने अवैध रूप से कॉलोनियां काटकर प्लॉट बेचे हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई ठोस प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

इस बीच, आम लोगों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी जमीन या प्लॉट को खरीदने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति, संबंधित विभाग से स्वीकृति, और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की पूरी जांच करना बेहद जरूरी है। केवल सस्ते दाम या आकर्षक वादों के आधार पर निवेश करना भविष्य में भारी परेशानी का कारण बन सकता है।

कड़कोली गांव के आसपास कट रही इन कथित अवैध कॉलोनियों का मामला यह दर्शाता है कि कैसे नियमों की अनदेखी कर लोगों की मेहनत की कमाई को दांव पर लगाया जा रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पर कब और कितनी सख्ती से कदम उठाता है, ताकि आम नागरिकों के हितों की रक्षा हो सके और ऐसे अवैध कारोबार पर रोक लगाई जा सके।

# 1919 के जलियांवाला बाग की टीस हर भारत के दिल में है : डाक्टर चौहान




**नीलोखेड़ी, 14 अप्रैल ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** बैसाखी के दिन 1919 का जलियांवाला बाग हत्याकांड भारतीय इतिहास का एक अत्यंत दुखद और अमिट अध्याय है। इस दिन निहत्थे, बेगुनाह और निर्दोष लोगों पर बरसाई गई गोलियों की गूंज आज भी भारतीयों के दिलों को झकझोर कर रख देती है। आज का दिन याद दिलाता है कि हमें आजादी की कितनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी थी। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉक्टर वीरेंद्र सिंह चौहान ने संस्थान के कार्यक्रम राम-राम हरियाणा में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्दोष लोगों पर अनगिनत गोलियां चलाई गईं। बेगुनाह लोगों की चीख-पुकार से पूरा जलियांवाला बाग गूंज उठा था। बैसाखी का दिन इतिहास में खूनी बैसाखी के रूप में हमेशा हमेशा के लिए दर्ज हो गया। जलियांवाला बाग की खूनी बैसाखी ने पूरे देश में आजादी की ज्वाला को प्रज्वलित किया और हर भारतीय को अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा दी। जलियांवाला बाग के शहीदों का बलिदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उनका त्याग हमें यह सिखाता है कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए हम हमेशा सजग और समर्पित हैं।डाक्टर चौहान ने कहा कि निर्दोष लोगों का बलिदान देश की आजादी की नींव बना और उनकी शहादत देशवासियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। आज के दिन दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह ने आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना कर समाज को एक नई दिशा प्रदान की। खालसा सजाने का यह ऐतिहासिक क्षण साहस, त्याग और धर्म की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें गुरु गोबिंद सिंह जी के अद्भुत व्यक्तित्व और खालसा के दिव्य विचारों को नमन करते हुए भारतीय संस्कृति और पंथ के प्रति उनके अतुलनीय योगदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता, साहस और सेवा की भावना को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को इतिहास से सीख लेकर देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान से वरिष्ठ सलाहकार गुरबिंदर सिंह, गोरखपुर ( भुना, फतेहाबाद ) से सरपंच डॉ मंदीप, अपना रेडियो 91.2 एफएम चरखी दादरी से प्रीतम यादव, रेडियो वितस्ता 90 एफएम अंबाला से भारत सोपोरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डॉक्टर से ज्यादा महत्व रखता है फर्स्ट एडर : डॉक्टर अनिमेष भाटला

*37 युवाओं ने दी फर्स्ट एड प्रैक्टिकल परीक्षा, सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन इंडिया द्वारा प्रशिक्षित युवाओं का जांचा प्रैक्टिकल अनुभव*




**चीका/ कैथल, 14 अप्रैल ( सुरेंद्र कुमार ) :** डॉक्टर से ज्यादा महत्व दुर्घटना स्थल पर फर्स्ट एड प्रदान करने वाले आम व्यक्ति का है। यह विचार उपमंडल के विख्यात अरनौली हॉस्पिटल के समाजसेवी डॉक्टर अनिमेष भाटला ने 37 युवाओं के फर्स्ट एड प्रशिक्षण का प्रैक्टिकल मूल्यांकन करते हुए कहे। डॉ अनिमेष भाटला ने कहा कि फर्स्ट एडर आकस्मिक दुर्घटना या बीमारी के बाद डॉक्टर के आने तक जान बचाने, स्थिति को बिगड़ने से रोकने और रिकवरी तेज करने में वो महत्वपूर्ण कार्य करता है जिससे घायल के दर्द में राहत और बहुमूल्य जीवन सुरक्षित रहता है। उन्होंने कहा कि सही समय पर प्राथमिक उपचार से मृत्यु दर में कमी और स्थायी क्षति से बचाव लाया जा सकता है। अगोंध गांव के युवा समाजसेवी सरपंच गुरताज सिंह ने कहा कि जिस तरह से प्राकृतिक आपदाओं एवं आकस्मिक दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है ऐसी स्थिति में आम लोगों को फर्स्ट एड में प्रशिक्षित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन इंडिया द्वारा वर्ल्ड क्लास फर्स्ट एड एवं सीपीआर प्रशिक्षण से युवाओं को तैयार करना समाज को बहुत बड़ी देन है। सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन इंडिया शाखा कैथल के सचिव एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉक्टर राजा सिंह झींजर ने कहा कि गंभीर दूर्घटनाओं में, समय पर दी गई प्राथमिक चिकित्सा सांस रुकने, अत्यधिक रक्तस्राव या दिल के दौरे जैसे मामलों में जान बचा सकती है। झींजर ने कहा कि फर्स्ट एड का उचित ज्ञान होने से आपातकालीन स्थिति में व्यक्ति शांत रहकर सही फैसले ले सकता है।

मास्टर ट्रेनर सरबजीत कौर ने कहा कि सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजपाल पुनिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राज्य सरकार और प्रशासन के विशेष सहयोग से नेशन पैरामाउंट मिशन के तहत जन स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रयास जुटाए जा रहे हैं। फार्मासिस्ट सरबजीत कौर ने कहा कि हमारा लक्ष्य शत-प्रतिशत फर्स्ट एड जन प्रशिक्षण प्रदान करना है। हरनौली हॉस्पिटल के डॉक्टर अनिमेष भाटला ने बताया कि राज्य सरकार एवं परिवहन विभाग की गाइडलाइन अनुसार ग्रामीण स्तर पर %फर्स्ट एड प्रशिक्षण आपके द्वार% कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि युवाओं को रोजगार और जन सुरक्षा के लिए विशेष रूप से तैयार किया जा सके। इस इस अवसर पर समाजसेवी बूटा सिंह महरोक, पंच गीता देवी, संदीप सिंह, रघुवीर सिंह, पंच सोनू राम, गुरनाम सिंह, शीतल देवी, नंबरदार बलकार सिंह, नंबरदार केवल सिंह, चौकीदार सुरेंद्र कुमार सहित पंचायत सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सम्पादकीय

## नेपाल के प्रधानमंत्री ने चौंकाया भारत को

महज 36 साल की उम्र में नेपाल के प्रधानमंत्री बने बालेन शाह ने शपथ लेते ही जिस तरह से अपनी सक्रियता दिखाई है, उसको लेकर सबसे ज्यादा चर्चा उनकी भारत में हो रही है। उन्होंने अपने मंत्रिमंडल में युवा लोगों को रखा है। नेपाल के पुराने धाकड़ राजनेता और राजवंश कहां चला गया, वह ढूंढने से भी नहीं मिल रहा है। बालेन शाह की कैबिनेट में शामिल सभी मंत्री उच्च शिक्षित और विशेषज्ञ हैं। मंत्रिमंडल की औसत आयु 38.21 वर्ष है। मंत्रिमंडल में 5 महिला मंत्रियों को स्थान दिया गया है। नेपाल के प्रधानमंत्री की कैबिनेट पूरी तरह से जेन–जी आंदोलन से निकलकर सत्ता के सिंहासन तक पहुंची है। भारत सहित विश्व के अन्य देशों में जिस तरह से नेपाल सरकार की चर्चा हो रही है। सरकार जिस तरह से काम कर रही है। उसकी प्रशंसा इन दिनों सारी दुनिया के जेन–जी में देखने को मिल रही है। नेपाल में पहली बार पारंपरिक राजनीति से हटकर युवाओं ने अपनी सरकार बनाई है। सरकार को लेकर विशेषज्ञता और समर्पण को महत्व देते हुए जिस तरह से कार्य करना शुरू किया है, उससे आशा की एक नई किरण देखने को मिल रही है। शपथ लेने के दूसरे दिन ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के आरोप में जेल भिजवा दिया। कठोर से कठोर निर्णय लेने में उन्हें कोई तकलीफ नहीं हो रही है। विदेशों में नेताओं और अधिकारियों के जमा काले धन को नेपाल वापस लाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। बिना किसी लाग लपेट के प्रधानमंत्री और कैबिनेट के सदस्य नेपाल स्थित विभिन्न देशों के दूतावास पहुंच रहे हैं। जहां पर वह नेपाल के नए विकास मॉडल को लेकर विभिन्न देशों के राजदूतों से चर्चा कर रहे हैं। नेपाल की जरूरतों और विकास के लिए त्वरित निर्णय की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। नेपाल मंत्रिमंडल में प्रधानमंत्री सहित सभी मंत्री एक से एक बढ़कर एक हैँ। कोई टेक्नोलॉजी से है, कोई पूर्व मेयर और संगीतकार रह चुका है। 2 मंत्री पीएचडी होल्डर हैं। वित्त मंत्री डा स्वर्णिम अर्थशास्त्र से पीएचडी कर चुकी हैं। विदेश मंत्री शिशर खनाल जिनकी उम्र 47 साल की है वह अमेरिका से पब्लिक पॉलिसी और पॉलिटिकल इकोनॉमी में स्नातक हैं। नेपाल में पढ़े–लिखे लोगों का मंत्रिमंडल है। ऐसा मंत्रिमंडल दुनिया के किसी अन्य देश में नहीं है। दुनिया के अन्य देशों की तुलना में यह बिल्कुल अलग है। सबसे अच्छी बात यह है, सारे युवा मिलकर नेपाल को नई दिशा देने के लिए अपना अधिक से अधिक समय दे रहे हैं। इनकी ऊर्जा देखने लायक है। जिस तरह से यह सोच समझकर गंभीरता के साथ निर्णय ले रहे हैं। निश्चित रूप से उसके सुखद परिणाम कुछ ही महीनो में दिखना शुरू हो जाएंगे। 2 सप्ताह पुरानी सरकार 100 सूत्री शासन सुधार एजेंडा पेश कर चुकी है। इस एजेंडे पर काम भी शुरू कर दिया है। मंत्रालयों का पुनर्गठन, दक्षिण एशिया संघर्ष के प्रभाव, नेपाल के एनआईआर की सुरक्षा का कार्य, कार्की आयोग की रिपोर्ट पर कार्यवाही, संविधान संशोधन, पार्टी आधारित छात्र संघ व्यवस्था समाप्त करने, निजी अस्पतालों में 10 फीसदी मुफ्त बेड गरीबों के लिए। इस तरह स्वास्थ्य एवं रोजगार के लिए जिस तरह से सरकार ने काम करना शुरू कर दिया है, उसको देखते हुए, यह कहने में जरा भी संकोच नहीं है, यदि यही उत्साह कुछ और समय तक बना रहता है तो आने वाले समय में नेपाल का भविष्य सारी दुनिया के लिए देखने योग्य होगा। नेपाल में अभी बहुत सारी चुनौतियां हैं। इसके बाद भी जिस तरह से नेपाल मंत्रिमंडल ने अपना एजेंडा लागू कर आम जनता को विश्वास में लिया वह महत्वपूर्ण बात है। नेपाल में सामाजिक, आर्थिक, न्याय, सुशासन, महंगाई और बेरोजगारी के क्षेत्र में जो प्रयास देखने को मिल रहे हैँ, निश्चित रूप से नेपाल युवा पीढ़ी उत्साह में पुरानी बीमारियों को त्याग कर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है। उससे लगता है, नेपाल एक नए वैश्विक स्वरूप में स्थापित होने की दिशा मे सफल होगा। जेन–जी ने जिस तरह से नेपाल की पुरानी सत्ता को उखाड़ कर नई सत्ता को स्थापित किया है, इस बात का असर कहीं ना कहीं अब भारत में भी दिखने लगा है। यहां का युवा भी बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य समस्याओं को लेकर उद्वेलित है। भारत के लिए वर्तमान स्थिति में यह चिंताजनक है। भारत की संवैधानिक संस्थाओं को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। भारत की संवैधानिक संस्थाएं सरकार के इशारे पर काम करती हुई दिख रही हैं, जिससे युवाओं में रोष दिन–प्रतिदिन बढ़ता चला जा रहा है। नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश से सबक लेकर इस तरह की स्थितियां भारत में उत्पन्न ना हों, इसके लिए सभी संवैधानिक संस्थाओं को मिलकर आगे आना चाहिए।

# अमेरिका-ईरान की वार्ता नाकाम रहने से फिर युद्ध का खतरा मंडराया

**– सौरभ वार्ष्णेय**

अमेरिका और ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता का असफल होना केवल दो देशों के रिश्तों में दरार भर नहीं है, बल्कि इसका असर पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता, वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर पडने् वाला है। यह विफलता कई स्तरों पर गंभीर संकेत देती है। यह पश्चिम एशिया की जटिल भू–राजनीति, अविश्वास और क्षेत्रीय शक्तियों की प्रतिस्पर्धा का भी प्रतिबिंब है। ऐसे में यह कहना कि इस विफलता के लिए पाकिस्तान पूरी तरह जिम्मेदार है, एक अतिसरलीकरण होगा—हालांकि उसकी भूमिका को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। यह वार्ता ही बेईमानी थी कि क्योंकि लेबनान में इजरायल की बमबारी कर रहा था जिस पर ईरान ने अपना विरोध दर्ज कराया था। वहीं ईरान की दस सूत्री बातें जो कि अमेरिका शुरु से मानने से इंकार कर रहा था। अब ऐसे में वार्ता हुई जो बताया जा रहा है पाकिस्तान ने एक दूसरे देश की बातें साझा की जो वार्ता का हल ही अस्पष्ट कर देती है। पाकिस्तान से जाते समय अमेरिका के उप राष्ट्पति जेडी बेंस ने भी वार्ता फेल की जानकारी दी। इस शांति वार्ता के फेल होने के कई कारण हैं।

सबसे पहले, यह क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ाने का संकेत है। पहले से ही इजऱायल, लेबनान, यमन और खाड़ी क्षेत्र में तनाव मौजूद है। ऐसे में वार्ता का टूटना टकराव की संभावना को और बढ़ा सकता है। ईरान समर्थित समूहों और अमेरिका समर्थित शक्तियों के बीच परोक्ष संघर्ष तेज हो सकता है।दूसरा बड़ा प्रभाव वैश्विक तेल बाजार पर पड़ सकता है। ईरान एक बड़ा तेल उत्पादक देश है, और उस पर लगे प्रतिबंधों में ढील की उम्मीद से बाजार में संतुलन बन सकता था। लेकिन वार्ता विफल होने से तेल की कीमतों में अस्थिरता बढ़ सकती है, जिसका असर भारत जैसे आयातक देशों पर सीधे पड़ेगा।तीसरा, यह अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की सीमाओं को उजागर करता है। वर्षों से चल रही बातचीत के बावजूद यदि कोई ठोस परिणाम नहीं निकलता, तो यह दर्शाता है कि आपसी अविश्वास और राजनीतिक हित शांति के रास्ते में बड़ी बाधा बने हुए हैं। इससे भविष्य में अन्य वैश्विक वार्ताओं पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।चौथा, परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंताएं और बढ़ेंगी। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने का उद्देश्य इस वार्ता का मुख्य आधार था। अब इसके विफल होने से परमाणु हथियारों की होड़ तेज होने का खतरा है, जिससे वैश्विक सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग सकता है। यह विफलता एक चेतावनी है कि केवल बातचीत की मेज पर बैठना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि विश्वास



निर्माण और ठोस राजनीतिक इच्छाशक्ति भी जरूरी है। यदि विश्व शक्तियां समय रहते समाधान नहीं निकाल पातीं, तो इसका खामियाजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ सकता है। वहीं पाकिस्तान की भूमिका की बात की जाये तो पाकिस्तान लंबे समय से अमेरिका और ईरान दोनों के साथ संतुलन साधने की कोशिश करता रहा है। एक ओर वह अमेरिका का रणनीतिक साझेदार रहा है, वहीं दूसरी ओर ईरान के साथ उसकी भौगोलिक निकटता और ऊर्जा हित जुड़े हुए हैं। हाल के वर्षों में पाकिस्तान ने मध्यस्थ की भूमिका निभाने की इछा जताई है, लेकिन उसकी आंतरिक अस्थिरता, सीमित कूटनीतिक प्रभाव और सुरक्षा चुनौतियाँ उसे एक प्रभावी मध्यस्थ बनने से रोकती हैं।इसके अलावा, पाकिस्तान की भूमिका को लेकर संदेह भी बना रहता है। अमेरिका को यह आशंका रही है कि पाकिस्तान क्षेत्र में अपने हितों को साधने के लिए ईरान के साथ दोहरी नीति अपनाता है, जबकि ईरान भी पाकिस्तान की सऊदी अरब के साथ निकटता को लेकर सतर्क रहता है। ऐसे में यदि वार्ता के दौरान पाकिस्तान की कोई अप्रत्यक्ष भूमिका रही भी हो, तो वह निर्णायक नहीं कही जा सकती।वास्तव में, अमेरिका और ईरान के बीच अविश्वास की खाई बहुत गहरी है—परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंध, और क्षेत्रीय प्रभाव को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से टकराव चला आ रहा है। इन मूल मुद्दों का समाधान किए बिना किसी तीसरे देश को दोष देना वास्तविकता से मुंह मोडने् जैसा होगा। पाकिस्तान इस कूटनीतिक परिदृश्य में एक सीमित और परोक्ष भूमिका निभाता है, लेकिन वार्ता की विफलता का मुख्य कारण नहीं है। यह विफलता अधिकतर अमेरिका और ईरान के बीच गहरे मतभेदों और पारस्परिक अविश्वास का परिणाम है, जिसे किसी एक बाहरी कारक पर थोपना न तो उचित है और न ही व्यावहारिक।

अमेरिका का अब आगे का रुख क्या ?–पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका का ईरान के प्रति रुख एक जटिल रणनीतिक संतुलन पर टिका हुआ दिखाई देता है। एक ओर वह प्रत्यक्ष युद्ध से बचना चाहता है, तो दूसरी ओर ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियों और परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर सख्त नियंत्रण भी बनाए रखना चाहता है। यही द्वंद्व आने वाले समय में उसकी नीति की दिशा तय करेगा। सबसे पहले, अमेरिका की प्राथमिकता पूर्ण युद्ध से बचाव है। इराक, अफगानिस्तान जैसे लंबे और महंगे सैन्य अभियानों के अनुभव ने उसे सिखाया है कि मध्य–पूर्व में सीधा युद्ध केवल अस्थिरता बढ़ाता है। इसलिए वह ईरान के साथ सीधे सैन्य टकराव के बजाय नियंत्रित दबाव की नीति अपना रहा है। दूसरा, अमेरिका आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंधों को और सख्त कर सकता है। ईरान के तेल निर्यात, बैंकिंग प्रणाली और रक्षा सहयोग पर रोक लगाकर वह उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग–थलग करने की कोशिश करेगा। साथ ही, वह यूरोपीय देशों और खाड़ी सहयोगियों को भी अपने साथ जोड़कर एक संयुक्त मोर्चा बनाने की दिशा में काम करेगा।तीसरा, अमेरिका की रणनीति में प्रत्यक्ष नहीं, परोक्ष सैन्य उपस्थिति भी महत्वपूर्ण रहेगी। खाड़ी क्षेत्र में अपने सैन्य ठिकानों को मजबूत करना, इजऱायल और सऊदी अरब जैसे सहयोगियों को समर्थन देना, और जरूरत पडने् पर सीमित सैन्य कार्रवाई करना—ये सभी कदम उसकी डिटरेंस नीति का हिस्सा होंगे। चौथा, कूटनीति के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं होंगे। अमेरिका यह समझता है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नियंत्रित करने का सबसे प्रभावी तरीका बातचीत ही है। इसलिए भविष्य में नई शर्तों के साथ किसी नए परमाणु समझौते की संभावना बनी रहेगी, भले ही वर्तमान हालात तनावपूर्ण क्यों न हों। अमेरिका का रुख एक दोहरी रणनीति पर आधारित रहेगा—एक तरफ दबाव और प्रतिबंध, दूसरी तरफ संवाद और समझौते की कोशिश। यह नीति तत्काल समाधान तो नहीं देगी, लेकिन क्षेत्र में बड़े युद्ध को टालने और अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करने का प्रयास अवश्य करेगी। देखना होगा कि युद्व किसी मसले का हल नहीं है जबकि ऐसे में जब ईरान होर्मूज पर कब्जा कर बैठा है। अगर जैसा कि ईरान धमकी दे रहा है कि उसने होर्मूज में अपनी माइंस की लोकेशन मिल नहीं रही या इंटरनेट की केबिल काट देगा? यानी फिलाहल विश्व का ऊर्जा संकट टालने हेतू ईरान से शांति वार्ता बेहद जरूरी है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, राजनीतिक विचारक है।)**

**( यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है )**

# तीर्थ स्थलों पर कुप्रबंधन- खतरे में पड़ रही श्रद्धालुओं की जान

**– मनोज कुमार अग्रवाल**

अभी बिहार के नालंदा के देवी मंदिर धर्मस्थल पर भगदड़ में नौ श्रद्धालुओं की मौत का मामला ठंडा भी नही हुआ कि उत्तर प्रदेश के बड़े तीर्थ स्थल मथुरा के निकट वृंदावन में नाव हादसे का बेहद दुखदायी हादसा सामने आया है, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई है और अभी कुछ लापता भी हैं। आए दिन कभी पवित्र नदियों के स्नान पर्व पर कभी मंदिरों में दर्शन अवसर पर तो कभी तीर्थ यात्रा और तीर्थ स्थलों कभी शोभा यात्रा पुरी रथयात्रा रामलीला मेलों या गणेश मूर्ति विसर्जन के मौके पर हो रहे हादसों में सैकड़ों श्रद्धालुओं की जान जा रही है हर हादसे के बाद जांच की खाना पूर्ति की जाती है हर बार प्रबंधन की खामियां प्रशासन की लापरवाही सामने आती है लेकिन कोई बदलाव नहीं आता इससे पहले अगला हादसा हो जाता है। आपको बता दें वृंदावन एक ऐसा तीर्थ स्थल है, जहां लाखों ही लोग जाते हैं। यहां भगवान कृष्ण जी ने अपना बचपन गुज़ारा। उनका जन्म मथुरा में हुआ। वृंदावन में सैकड़ों मंदिर हैं। यमुना के किनारे बसा होने के कारण यहां अनेक ही घाट हैं। यहां भगवान कृष्ण की याद में बना बांके बिहारी मंदिर लगातार बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना रहता है। पंजाब से भी कुछ दर्जन श्रद्धालु यहां गए थे और लुधियाना, मुक्तसर एवं जगराओं के लगभग 37 श्रद्धालु यमुना में एक मोटर बोट पर सवारी कर रहे थे। गहरे पानी में बने पाटून पुल जिसे अब हटाया जा रहा था, से श्रद्धालुओं की नाव टकरा गई, जिस कारण यह हादसा हो गया, परन्तु नज़दीक के नाव वालों और गोताखोरों ने इनमें से कई व्यक्तियों को बचा लिया। इससे पहले भी देश भर में ज्यादातर धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए पूरे प्रबन्ध न किये जाने के कारण अक्सर हादसे हो जाते हैं जिनमें बड़ी संख्या में लोग शिकार हो जाते हैं। इस तरह के प्रत्येक बड़े हादसे के बाद विशेष रूप से मेलों और धार्मिक स्थलों पर एकत्रित हुए श्रद्धालओं संबंधी पुख्ता प्रबन्ध करने की योजनाएं बनाई



जाती हैं। इन प्रबन्धों का कुछ प्रभाव भी पड़ता है। फिर भी स्थानीय प्रशासन द्वारा इन प्रबन्धों में त्रुटियां रह जाने के कारण या प्रबन्धकों की लापरवाही के कारण ऐसे दुखद हादसे घटित हो जाते हैं। ऐसा कुछ न घटित हो, इसकी जिम्मेदारी संबंधित राज्यों पर भी आती है। उनकी यह ज़िम्मेदारी बनती है कि वे प्रत्येक पक्ष से सचेत होकर प्रबन्ध करें, जिनसे श्रद्धालुओं की बड़ी से बड़ी संख्या को भी नियंत्रित किया जा सके, ताकि ऐसे हादसे न घटित हों। यमुना नदी की सैर करते हुए अथवा यहां एक से दूसरे स्थान पर नावों द्वारा जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन को सचेत होने की ज़रूरत है। जिस समय यह हादसा घटित हुआ, उस समय मोटर बोट में 31 श्रद्धालु थे, जिनमें से किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। यह बात सुनिश्चित है कि यदि मोटर बोट के प्रबन्धकों या प्रशासन की ओर से नाव में बैठने वालों के लिए लाइफ जैकेट पहनना ज़रूरी किया जाता तो मरने वालों में ज्यादातर का बचाव होने की बड़ी सम्भावना थी। इस संबंध में सरकार का भी यह कर्तव्य बनता है कि वह किसी भी धार्मिक या अन्य त्यौहार पर अथवा यदि किसी स्थान पर भारी जनसमूह जमा होने की सम्भावना हो, तो वह विशेष प्रबंध किए जाने के निर्देश दे और स्थानीय सरकारों द्वारा किए गए प्रबन्धों संबंधी भी केन्द्र सरकार से संबंधित अधिकारियों द्वारा सम्पर्क बनाए रखना ज़रूरी होना चाहिए। चाहे प्रधानमंत्री द्वारा और पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा भी प्रभावित परिवारों के लिए राहत की घोषणा की गई है परन्तु ऐसे हादसों के कारण लम्बी अवधि तक संबंधित परिवारों को बड़ी त्रासदी भोगनी पड़ती है। समाज के सभी वर्गों और प्रशासनों को यह सुनिश्चित बनाना चाहिए कि भविष्य में ऐसा कुछ घटित न हो वहीं श्रद्धालुओं को भी पर्याप्त सावधानी और उत्साह के अतिरेक से बचना चाहिए एक ही दिन एक ही अवसर पर क्षमता से अधिक लोगों का एक स्थान पर स्नान पूजा मेला कथा शोभायात्रा में जमावड़ा करना और संयम खो कर धक्का मुक्की कर व्यवस्था बिगाड़ना कौन सी धार्मिकता का परिचय देता है? हर आयोजन में दो चार फीसदी ऐसे उश्रृंख लोगों की मौजूदगी रहती है जो अनावश्यक टकराव और अराजकता फैलाने का काम करते हैं। ऐसे लोग न भक्त हो सकते हैं न श्रद्धालु ये सिर्फ धार्मिक चोला पहन कर उन्माद मचाने का काम करते हैं और सच्चे श्रद्धालुओं के जीवन के लिए खतरा पैदा करने का काम करते हैं ऐसे ही लोग कांवड़ियों के वेश में शामिल होकर की बार उपद्रव करने का प्रयास करते हैं।सभी श्रद्धालुओं का कर्तव्य है कि वह व्यवस्था बना रही पुलिस मंदिर कमेटी के स्वयं सेवकों के निर्देशानुसार संयमित व्यवहार करें आपाधापी लाइन तोड़ कर आगे बढने की स्वार्थी प्रवृति से बचना चाहिए वही धार्मिक उपदेशक कथा वाचक भी अपने अनुयायियों को इन अवसरों पर नैतिकता संयम बनाने के लिए आगाह कर बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

# रेल की पटरियों पर देश का भविष्य, कनेक्टिविटी से विकास

**– विनोद कुमार सिंह**

*अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी का संकल्प,विकास की धड़कनों से जुड़ते जनजातीय अंचल,समावेशी भारत की ओर बढ़ता राष्ट्र**

भारत की विकास गाथा केवल महानगरों की चमक–दमक या औद्योगिक प्रगति तक सीमित नहीं है,इसकी वास्तविक शक्ति उन दूरस्थ गांवों,पहाड़ी अंचलों और घने वनों में बसती है,जहाँ आज भी जनजातीय समाज अपनी परंपराओं,संस्कृति और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव के साथ जीवन जी रहा है।लंबे समय तक ये क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से दूर रहे – सड़क,शिक्षा,स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित।आज भारतीय रेल की पटरियों पर दौड़ती विकास की यह नई कहानी इन दूरस्थ इलाकों तक पहुंचने लगी है।भारतीय रेल के माध्यम से अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने का जो संकल्प सामने आया है,वह केवल बुनियादी ढांचे का विस्तार नहीं,बल्कि सामाजिक न्याय,समान अवसर और मानवीय गरिमा की पुर्नस्थापना का प्रयास है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत – 2047 के विज़न में यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि विकास का अर्थ तभी पूर्ण होगा,जब वह समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में भारतीय रेल जिस गति से विस्तार कर रही है,वह इस संकल्प को व्यवहार में बदलने का प्रमाण है।वित्त वर्ष 2025ङ्क26 में 100 रेलवे परियोजनाओं को स्वीकृति मिलना इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।इन परियोजनाओं के अंतर्गत नई रेल लाइनों का निर्माण, दोहरीकरण, मल्टी–ट्रैकिंग, वायपास और फ्लाई ओवर जैसी पहलें शामिल हैं,जो देश के रेल नेटवर्क को न केवल विस्तृत करेंगी,बल्कि उसे अधिक सक्षम और आधुनिक भी बनाएंगी।?1.53 लाख करोड़ के विशाल निवेश और 6,000 किलोमीटर से अधिक रेल नेटवर्क के विस्तार का यह अभियान केवल आंकड़ों की उपलब्धि नहीं है।यह उन सपनों का विस्तार है,जो वर्षों से जनजातीय और पिछड़े वर्गों की आँखों में पलते रहे हैं।यह वह विश्वास है,जो अब वास्तविकता में बदलता दिखाई दे रहा है कि देश का विकास,सबका विकास केवल नारा नहीं,बल्कि एक जीवंत प्रक्रिया है।विशेष रूप से जनजातीय और दूरस्थ क्षेत्रों पर केंद्रित यह पहल अपने आप में एक सामाजिक क्रांति का स्वरूप लेती दिखाई देती है।उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार,इस कुल निवेश में से लगभग ?40,000 करोड़ से अधिक की राशि जनजातीय बहुल क्षेत्रों में रेल परियोजनाओं के विकास पर केंद्रित है।यह राशि केवल परियोजनाओं का खर्च नहीं,बल्कि उन पीढ़ियों के भविष्य में किया गया निवेश है,जो अब तक विकास की दौड़ में पीछे छूटती रही थीं।छत्तीसगढ़ के रावघाट से जगदलपुर तक बनने वाली रेल लाइन,झारखंड और ओडिशा के दुर्गम अंचलों में विस्तारित हो रहे रेल कॉरिडोर–ये केवल परियोजनाएं नहीं,बल्कि उन बच्चों के सपनों की पटरियां हैं, जो अब बेहतर शिक्षा के लिए शहरों तक पहुंच सकेंगे; उन मरीजों के जीवन की डोर हैं,जिन्हें समय पर इलाज मिल सकेगा; और उन किसानों व कारीगरों के लिए आशा की किरण हैं,जो अब अपने उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचा सकेंगे।जनजातीय समाज,जो सदियों से प्रकृति का संरक्षक रहा है,आज भी अपनी सांस्कृतिक पहचान और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीता है।वही आधुनिक सुविधाओं से दूर रहने के कारण वह कई बार अवसरों से वंचित रह जाता है।ऐसे में जब रेल जैसी सशक्त परिवहन व्यवस्था इन क्षेत्रों तक पहुंचती है,तो यह केवल दूरी कम नहीं करती, बल्कि अवसरों की खाई भी पाटती है।महाराष्ट्र, बिहार,झारखंड और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में परियोजनाओं का विशेष फोकस यह दर्शाता है कि सरकार उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दे रही है,जहाँ जनसंख्या का बड़ा हिस्सा अभी भी विकास के लिए संघर्ष कर रहा है।इन राज्यों में बेहतर रेल संपर्क से न केवल यात्री सुविधाओं में सुधार होगा,बल्कि माल परिवहन को भी गति मिलेगी, जिससे स्थानीय उद्योगों और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। 'मिशन 3000 एमटी' के तहत माल परिवहन क्षमता बढ़ाने की दिशा में उठाए गए कदम भारत की आर्थिक मजबूती को नई दिशा देंगे।कोयला, खनिज और अन्य संसाधनों के तेज परिवहन से ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी,वहीं बंदरगाहों से बेहतर संपर्क तटीय व्यापार को गति देगा।यह सब मिलकर भारत को वैश्विक स्तर पर एक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करेगा।?1,000 करोड़ से अधिक लागत वाली 35 से अधिक परियोजनाएं इस बात का संकेत हैं कि अब विकास की सोच छोटे सुधारों से आगे बढ़कर व्यापक परिवर्तन की ओर अग्रसर है।कसारा–मनमाड,खरसिया–नया रायपुर–परमलकासा,इटारसी–नागपुर और सिकंदराबाद–वाड़ी जैसे प्रमुख रेल कॉरिडोर आने वाले समय में देश की आर्थिक धुरी बनेंगे।इस व्यापक निवेश का प्रभाव बहुआयामी होगा।एक ओर जहाँ लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा,वहीं इस्पात,सीमेंट और अन्य आधारभूत उद्योगों को भी नई गति मिलेगी।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी,जिससे देश की आर्थिक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी और आम नागरिक को भी इसका लाभ मिलेगा।उपरोक्त सभी आंकड़ों और परियोजनाओं के पीछे जो सबसे महत्वपूर्ण तत्व है,वह है–मानवीय संवेदना।यह वह भावना है,जो यह सुनिश्चित करती है कि विकास केवल आंकड़ों का खेल न रहकर लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाए।जब किसी दूरस्थ जनजातीय गांव में पहली बार ट्रेन की सीटी सुनाई देती है,तो वह केवल एक आवाज नहीं होती, बल्कि वह एक नए युग के आगमन की घोषणा होती है।आज भारतीय रेल केवल पटरियों पर दौड़ती ट्रेन नहीं है,बल्कि यह उन अनगिनत कहानियों की वाहक है,जो संघर्ष, आशा और बदलाव की मिसाल हैं।यह उन सपनों को जोड़ने का माध्यम है,जो अब तक बिखरे हुए थे।संक्षेप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत मिशन और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय रेल एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रही है,जहाँ विकास का कोई भी हिस्सा अधूरा नहीं रहेगा।यह केवल पटरियों का विस्तार नहीं है–यह विश्वास का विस्तार है,अवसरों का विस्तार है।

# शिक्षा से ही होगा समाज का उत्थान : मेयर सुमन बहमनी

*भेदभाव खत्म किए बिना नहीं साकार होगा बाबा साहेब का सपना, अंबेडकर जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों में मेयर सुमन बहमनी मुख्य अतिथि के रूप में हुईं शामिल*

**यमुनानगर, 14 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर के गांव खेड़ा, गोविंदपुरी, मानकपुर सहित विभिन्न स्थानों पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर बाबा साहेब को नमन किया और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रमों के दौरान मेयर सुमन बहमनी ने सर्वप्रथम श्री गुरु रविदास मंदिर पहुंचकर गुरु रविदास जी के चरणों में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास जी और डॉ. अंबेडकर जी ने समाज में समानता, भाईचारे और न्याय का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। इस अवसर पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह नंदगढ़, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के चेयरमैन अशोक कुमार, पार्षद रीना रस्तोगी और पार्षद जयंत स्वामी, प्रांजल, सपना सहित कई गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी केवल संविधान निर्माता ही नहीं,



बल्कि सामाजिक समरसता और समान अधिकारों के महान योद्धा थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन में समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। आज हम सभी का कर्तव्य है कि उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए एक समतामूलक और सशक्त समाज का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है। बाबा साहेब ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया और इसी के माध्यम से उन्होंने स्वयं को सशक्त बनाकर पूरे देश को नई दिशा दी। इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे शिक्षा को अपनाकर अपने जीवन को सफल बनाएं और देश के विकास में योगदान दें। मेयर ने कहा कि आज का दिन केवल जयंती मनाने का नहीं, बल्कि उनके विचारों को आत्मसात करने का है। जब तक समाज में भेदभाव समाप्त नहीं होगा, तब तक बाबा साहेब के सपनों का भारत साकार नहीं हो सकता। हमें मिलकर एक ऐसा समाज बनाना होगा, जहां सभी को समान अवसर और सम्मान मिले। कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई, जिनमें बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा साहेब के जीवन एवं उनके संघर्षों को प्रस्तुत किया। इस दौरान आयोजकों द्वारा मेयर सुमन बहमनी का सम्मान भी किया गया, जिस पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। मेयर सुमन बहमनी ने सभी आयोजकों और उपस्थित जनसमूह का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को प्रेरणा देने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे डॉ. अंबेडकर जी के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।

## कुरुक्षेत्र लोकसभा में नारी शक्ति वंदन पदयात्रा 16 को

## भाजपा नेत्रियों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तीकरण का कदम

**कुरुक्षेत्र, 14 अप्रैल ( करणदीप सिंह ) :** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय गीता कमल में नारी शक्ति वंदन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला टीम से महिला नेत्री जिला उपाध्यक्ष अनु माल्यान, प्रदेश महिला मोर्चा सचिव रेखा बाल्मीकि, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वंदना गौरी, विजय लक्ष्मी, परमजीत कश्यप, रेणु खुग्गर, ज्योति खनगवाल आदि ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक है, जो महिलाओं को नीति की लाभार्थी से नीति की निर्माता बनने की दिशा



मे सशक्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित यह अधिनियम केवल एक संवैधानिक संशोधन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आधार है। जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी अध्यक्ष ने बताया कि कुरुक्षेत्र लोकसभा में 16 अप्रैल को महिला पद यात्रा निकली जाएगी। प्रदेश में सभी जिला में इस बिल को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण अब केवल समानता या प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि नेतृत्व की भूमिका में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना समय की मांग है नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होगा। जिला उपाध्यक्ष अनु माल्यान के कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने नारी शक्ति के लिए जो कार्य किए हैं आज तक किसी राजनीतिक दल ने महिलाओं को इतना मान सम्मान नहीं दिया जिसकी बदौलत देश की सर्वोच्च पंचायत लोकसभा के साथ-साथ विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से अब मातृशक्ति चौका-चूल्हा के साथ-साथ विधानसभा व लोकसभा में भी समुचित प्रतिनिधित्व करती नजर आएगी। भाजपा नेत्रियों विजय लक्ष्मी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत 16 अप्रैल को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाली पदयात्रा में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया है। उन्होंने इस अभियान को महिला सशक्तिकरण, समान भागीदारी और सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। अनु मल्याण ने कहा कि यह पदयात्रा महिलाओं की सहभागिता और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सामाजिक पहल के रूप में आयोजित की जा रही है। प्रदेश सदस्य वरिष्ठ नेत्री रेखा वाल्मीक ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान महिलाओं को उनके अधिकारों और अवसरों के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम है। महिला आरक्षण विधेयक का पारित होना देश के लिए एक ऐतिहासिक घटना है, जिससे महिलाओं की भागीदारी को नई दिशा मिलेगी। 16 अप्रैल को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में आयोजित पदयात्रा के माध्यम से महिलाएं एकजुट होकर अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगी और समाज में सकारात्मक संदेश देंगी। सभी महिलाओं और नागरिकों से इस पदयात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान है। साथ ही यह अवसर है कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना आभार व्यक्त करें। भाजपा नेत्री ज्योति खनगवाल ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के कारण माध्यमिक शिक्षा स्तर पर लड़कियों का नामांकन बढ़कर 80.2 प्रतिशत तक पहुंच गया है। वर्ष 1952 में लोकसभा में केवल 22 महिलाएं थीं, जो 2024 में बढ़कर 75 हो गई हैं, जबकि राज्यसभा में महिलाओं की भागीदारी 17 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है।

## मुख्यमंत्री द्वारा बाबैन में की गई घोषणाएं शिक्षा के क्षेत्र को मजबूती देंगी : नायब पटाक माजरा

**बाबैन, 14 अप्रैल ( राजेश कुमार ) :** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर सैनी समाज सभा द्वारा आयोजित भव्य समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा क्षेत्र के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई, जिससे पूरे बाबैन क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सैनी समाज सभा का बाबैन में नर्सिंग कॉलेज खोलने के लिए 51 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा बाबैन-मथाना रोड को चौड़ा करने की घोषणा की, जिसे क्षेत्रवासियों ने विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। इन घोषणाओं पर सैनी शिक्षा समिति के प्रधान नायब सिंह पटाक माजरा सहित सैनी समाज सभा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया। नायब पटाक माजरा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई ये घोषणाएं न केवल बाबैन को शिक्षा के क्षेत्र को मजबूती देंगी बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने नर्सिंग कॉलेज की स्थापना को लेकर कहा कि इससे क्षेत्र के युवाओं, खासकर बेटियों को घर के पास ही उच्च शिक्षा प्राप्त



करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। नायब पटाक माजरा ने कहा कि बाबैन-मथाना रोड के चौड़ीकरण मांग लंबे समय से क्षेत्र की एक प्रमुख मांग रही है। इस सड़क के चौड़ा होने से यातायात सुगम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचे सर्व समाज के लोगों का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के सामाजिक और ऐतिहासिक कार्यक्रमों में जनभागीदारी समाज की एकता और जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के विचार आज भी समाज को शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी सैनी समाज सभा इसी प्रकार के कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर मार्कीट कमेटी बाबैन के चेयरमैन जसविन्द्र जस्सी, सैनी समाज सभा के पूर्व सचिव कौशल सैनी, भाजपा नेता डिम्पल सैनी, धनानी के सरपंच सुखराम सैनी, बिन्ट के पूर्व सरपंच रणबीर सिंह, कठुआ के पूर्व सरपंच अमरेन्द्र सिंह, गौरव बन सहित समाज के अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सेफ सिटी अभियान के तहत हार्टरोन एकेडमी यमुनानगर में छात्राओं को किया गया जागरूक

**यमुनानगर, 14 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस अधीक्षक यमुनानगर कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सेफ सिटी अभियान के अंतर्गत लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कार्य करते हुए जिला की सेफ सिटी पुलिस टीम की एएसआई नीलम ने हार्टरोन एकेडमी यमुनानगर में छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान



एएसआई नीलम ने छात्राओं को 112 इमरजेंसी सेवा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मौके पर ही छात्राओं के मोबाइल फोन में 112 एप डाउनलोड करवाया और उसके सही उपयोग की प्रक्रिया समझाई। एएसआई नीलम ने बताया कि 112 एप के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति में केवल एक बटन दबाकर तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस एप के जरिए कॉल करने पर संबंधित व्यक्ति की लोकेशन स्वतः पुलिस कंट्रोल रूम तक पहुंच जाती है, जिससे समय पर मदद मिलना संभव हो पाता है। उन्होंने महिलाओं को बताया कि यात्रा के दौरान, विशेषकर अकेले सफर करते समय, अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के बारे में भी जानकारी दी गई। एएसआई नीलम ने बताया कि ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा के तहत महिलाएं अपने यात्रा विवरण जैसे वाहन नंबर, चालक का नाम, यात्रा का समय व गंतव्य स्थान पुलिस के साथ साझा कर सकती हैं। इससे यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस तुरंत संबंधित स्थान तक पहुंचकर सहायता प्रदान कर सकती है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को छेड़छाड़, पीछा करने, अश्लील टिप्पणियों, सोशल मीडिया पर उत्पीड़न और घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं के बारे में भी जागरूक किया गया। एएसआई नीलम ने स्पष्ट किया कि ऐसे किसी भी अपराध को सहन न करें और बिना किसी झिझक के तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि महिलाओं की शिकायतों पर पुलिस द्वारा गोपनीयता बनाए रखते हुए त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जाती है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेफ सिटी टीम द्वारा चलाए जा रहे इन जागरूकता अभियानों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को आत्मनिर्भर व निडर बनाना है, ताकि वे सार्वजनिक स्थानों पर स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। इस दौरान महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर, आपातकालीन सेवाओं और कानूनी पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा सेफ सिटी अभियान के तहत भविष्य में भी बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, शिक्षण संस्थानों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि महिलाओं की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

## अंबेडकर जयंती पर गूंजा समानता का संदेश, किसानों के समर्थन में भी उठी आवाज

**निसिंग, 14 अप्रैल ( जोगिंद्र सिंह ) :** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर करनाल में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया। हरियाणा वाल्मीकि अंबेडकर महासभा, बहुजन स्टूडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन और अखिल भारतीय सेंधव समाज के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष व हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. राजेश वैध वाल्मीकि ने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित संविधान ने देश के हर नागरिक को समानता और मतदान का अधिकार दिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बाबा साहेब के संविधान पर किसी भी प्रकार की आंच नहीं आने दी



जाएगी। उन्होंने बाबा साहब के जीवन संघर्ष और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन शोषित, वंचित और गरीब वर्ग के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। आज का लोकतंत्र उनके सिद्धांतों पर ही मजबूती से खड़ा है। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के करनाल से सेशन जज रहे स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में भी डॉ. राजेश वैध शामिल हुए। उनके पुत्र अधिकारी राजीव प्रसाद द्वारा वाल्मीकि आश्रम में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर सुशील कुमार ने की। अपने संबोधन में डॉ. वैध ने कहा कि बाबा साहब केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जिसे अपनाकर ही समाज से भेदभाव और असमानता को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं और सामाजिक समरसता को मजबूत करें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वर्तमान राजनीतिक हालात पर भी टिप्पणी करते हुए, किसानों के आंदोलन का खुला समर्थन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान अपनी जायज मांगों को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर है, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत किसानों की समस्याओं का समाधान करे, ताकि प्रदेश में शांति और स्थिरता बनी रहे। इस मौके पर रोबिन माइकल, प्रोफेसर सुशील, पोली राम, प्रोफेसर रवीश, डॉ. जितेंद्र, डॉ. रामजुहारी, डॉ. गुरचरण, डॉ. कुलदीप, रविंद्र शर्मा, सोनू कश्यप सहित सैकड़ों अंबेडकरवादी उपस्थित रहे।

## सालवन में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**असंध, 14 अप्रैल ( दलसिह मान ) :** सालवन गांव में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। रविदास मंदिर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा बल्ला मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत का संविधान बनाने का गौरव डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को प्राप्त है। भारत रत्न से सम्मानित देश के प्रथम कानून मंत्री डॉ अंबेडकर जैसी शख्सियत सदियों मैं कोई एक पैदा होती है।



उनका पूरा जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक है। सरपंच जयवीर फौजी ने कहा कि आज उनकी जयंती पर हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा उनके बताए रास्तों पर चलना चाहिए यही उनका सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर सरपंच जयवीर फौजी, जय भगवान जांगड़ा, अमित राणा, जगदीश भोरिया, मदन, सुशील, जयमल, रोहतास, वेद, किरण पाल, सोनू, शेर सिंह, राजेश व प्रदीप सहित आदि मौजूद रहे।

## रक्तदान के साथ-साथ प्लेटलेट्स दान में भी आगे आए युवा : दिनेश बक्शी

**करनाल, 14 अप्रैल ( सोनी दुआ ) :** मानवता की सेवा का एक



प्रेरणादायक उदाहरण उस समय देखने को मिला जब दिनेश बक्शी ने आधी रात को प्लेटलेट्स दान कर एक जरूरतमंद मरीज की मदद की। जानकारी के अनुसार रात के समय पार्क अस्पताल से दिनेश बक्शी को फोन आया कि एक मरीज को डायलिसिस के लिए तुरंत बी+प्लेटलेट्स की आवश्यकता है। बिना समय गंवाए वे तुरंत अस्पताल पहुंचे और प्लेटलेट्स दान कर मरीज के उपचार में सहयोग दिया। मरीज के परिजनों ने बताया कि उन्होंने कई लोगों से संपर्क किया, लेकिन देर रात होने के कारण कोई मदद के लिए आगे नहीं आया। ऐसे में दिनेश बक्शी का सहयोग उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ। गौरतलब है कि दिनेश बक्शी अब तक 138 बार रक्तदान और 106 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके हैं। उनकी इस सेवा भावना की समाज में सराहना की जा रही है। इस अवसर पर दिनेश बक्शी ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे रक्तदान और प्लेटलेट्स दान के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि दान करने वाला व्यक्ति भी स्वस्थ और नशे से दूर रहता है। उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि एक रक्तदान से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है।

## बाबा सिद्धनाथ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में वैशाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया




**कुरुक्षेत्र, 14 अप्रैल ( करणदीप सिंह ) :** बाबा सिद्धनाथ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वैशाखी का पर्व बहुत ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई जिसमें विद्यार्थियों ने बैसाखी के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर बच्चों ने पंजाबी लोक नृत्य, भांगड़ा, गीत और कविता पाठ आदि गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छोटे-छोटे बच्चों की रंग- बिरंगी वेशभूषा ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यालय के प्रबंधक ईश्वर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को वैशाखी की बधाइयां दी और उन्हें वैशाखी पर्व के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया। उपाध्यक्ष रेखा देवी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और वैशाखी की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को वैशाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मेहनत, एकता और समर्पण का संदेश दिया और उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**शाहाबाद मारकंडा, 14 अप्रैल ( रूबी ) :** डा. भीमराव अंबेडकर कल्याण सभा व श्री गुरु रविदास मंदिर व धर्मशाला कमेटी रत्नगढ़ के सहयोग से अंबेडकर भवन में डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे समाजसेवी सुरेश कुमार ने डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि देश के युवाओं को डॉ. बी.आर. अंबेडकर के दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज सुधारक थे, उन्होंने सभी को एक समान अधिकार दिलाने और एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। कार्यक्रम में होनहार बच्चों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश रत्नगढ़, रामकुमार, विनोद कुमार, विजय, देशराज, सुनील कुमार, सतीश कुमार, संदीप, अशोक कुमार, संतोष कुमार, प्रेमपाल, कमल कुमार, कैलाश रानी, अनु, नीतू, काजल, सिमरत आदि उपस्थित थे।

## एनएसयूआई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**कुरुक्षेत्र, 14 अप्रैल ( करणदीप सिंह ) :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में




एनएसयूआई छात्र संगठन द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिवस तथा बैसाखी के पावन अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक पहल में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लेकर रक्तदान किया और मानवता की सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता लक्ष्मी कान्त शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने छात्रों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और युवाओं का इस तरह के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर छात्र नेता राहुल ग्योंग सहित एनएसयूआई के तमाम कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लक्ष्मी कान्त शर्मा ने सभी आयोजकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया तथा समाज सेवा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

# सामाजिक भाईचारे के पक्षधर थे बाबा साहब : डॉ. बलराम शर्मा

***बोले : बाबा साहब का मानना था कि यदि राष्ट्र को उन्नति करनी है तो करना होगा हमें स्त्रियों को शिक्षित***



**करनाल, 14 अप्रैल ( संदीप रोहिला ) :** डॉ. बी.आर.अंबेडकर जन कल्याण सोसायटी काछवा द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती के उपलक्ष में गांव काछवा के पंचायत घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीएवी कॉलेज, करनाल के राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ बलराम शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि डॉ. दीपक कुमार एवं संस्था के प्रधान ने मुख्य अतिथि डॉ बलराम शर्मा का स्वागत किया। डॉ. बलराम शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सामाजिक समानता एवं भाईचारे के पक्षधर थे। वह समाज में स्त्रियों को पुरुषों के समान मानते थे। वह स्त्री शिक्षा के समर्थक थे। उनका मानना था कि यदि राष्ट्र को उन्नति करनी है तो हमें स्त्रियों को शिक्षित करना होगा। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षित बनने, संगठित रहने और संघर्ष करने की शिक्षा दी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गांव के सरपंच प्रतिनिधि डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्र के विकास के लिए प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में समिति के सभी पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि डॉ. बलराम शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच बिट्ठू, सुरेंद्र भाटिया, जितेंद्र बजाज, सुरमुख नंबरदार, राजेश प्रधान वाल्मीकि, सोहन सिंह, डॉ विनोद कुमार, निशु सचिव अंबेडकर सभा, ध्यानचंद पंच एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आगामी 16 अप्रैल से शुरू होगी जनगणना की स्व-गणना सुविधा : डीसी अपराजिता

**कैथल, 14 अप्रैल ( सुरेंद्र कुमार ) :** डीसी अपराजिता ने बताया कि आगामी जनगणना 2027 के पहले चरण में नागरिक स्वयं भी अपनी जनगणना कर सकेंगे। यह नई सुविधा 16 अप्रैल से शुरू होगी और 30 अप्रैल तक चलेगी, जिसके तहत आमजन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण भर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल घर-घर जाकर जनगणना शुरू होने से पहले लगभग 15 दिनों के लिए खुला रहेगा। इस दौरान नागरिक अपने मोबाइल नंबर से लॉग इन कर निर्धारित 33 प्रश्नों के उत्तर भर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया 15 से 20 मिनट में पूरी हो जाती है। डीसी अपराजिता ने बताया कि जानकारी सफलतापूर्वक जमा करने के बाद नागरिकों को 11 अंकों की एक यूनिक स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी। जब जनगणना अधिकारी सत्यापन के लिए घर आएंगे, तो केवल यह आईडी साझा करनी होगी, जिससे पूरी प्रक्रिया तेज और सरल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा पहली बार लागू की जा रही है, जो पूरी तरह नागरिक हितैषी और तकनीक आधारित है। जिससे प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं प्रभावी बनाया जा सके। इस कार्य के लिए जन सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। पोर्टल अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध रहेगा, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। डीसी ने बताया कि स्व-गणना अवधि समाप्त होने के बाद मकान सूचीकरण का कार्य पारंपरिक तरीके से शुरू होगा। साथ ही, जो लोग ऑनलाइन सुविधा का उपयोग नहीं कर पाएंगे, उनके लिए जनगणना कर्मी घर-घर जाकर साक्षात्कार के माध्यम से डेटा एकत्र करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। जनगणना कर्मी मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा एकत्र करेंगे, जो सीधे केंद्रीय सर्वर पर अपडेट होगा। डीसी ने जिला वासियों से अपील की कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें और इस ऑनलाइन सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें, ताकि जनगणना प्रक्रिया को सरल, तेज और पारदर्शी बनाया जा सके।

# संस्कार वाटिका विद्यालय नरवाना में बैसाखी की धूम, पंजाबियत की जीवंत झलक ने मोहा मन




**नरवाना, 14 अप्रैल ( नरेन्द्र कुमार ) :** बैसाखी पर्व के पावन अवसर पर संस्कार वाटिका विद्यालय में एक भव्य एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से पंजाबी संस्कृति की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय परिसर पूरे दिन उत्सव के रंगों में नजर आया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पंजाबी लोक जीवन की सजीव झांकी रही जिसमें बच्चों ने पारंपरिक ग्रामीण जीवन को बेहद सुंदर और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पुरातन संस्कृति को जीवंत कर दिया-कहीं बच्चे पारंपरिक तरीके से खाना बनाते दिखे तो कहीं चटनी कूटने की प्रक्रिया को दर्शाया गया। वहीं कुछ विद्यार्थियों ने छाज से अनाज साफ करने की विधि प्रस्तुत कर दर्शकों को गांव की असली झलक से रूबरू कराया। रंग-बिरंगे पंजाबी परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने भांगड़ा और गिद्धा जैसे पारंपरिक नृत्यों की ऊर्जावान प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उनकी प्रस्तुतियों पर उपस्थित दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, ऊर्जा और सांस्कृतिक गौरव की अनूठी छटा देखने को मिली।विद्यालय की प्रिंसिपल मीनाक्षी सिंगला ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर बैसाखी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया और एकता, मेहनत व समृद्धि का संदेश दिया।

# राजौंद में कार और थ्री-व्हीलर की भिड़ंत में 2 मजदूरों की मौत, 8 जिंदगी ओर मौत के बीच



**राजौंद, 14 अप्रैल ( नरेश कुमार पुहाल ) :** सोमवार रात करीब 11 बजे राजौंद से दो किलोमीटर दूर असंध रोड पर एक भीषण सड़क हादसे ने चीख-पुकार मचा दी। कैथल की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार और असंध की तरफ से आ रहे मजदूरों से भरे थ्री-व्हीलर (ऑटो) के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक हादसे में एक मजदूर सुनील कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, एक व्यक्ति शमशेर उर्फ कालू की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि 8 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायल और मृतक राजौंद के नज़दीकी गांव सेरधा के मजदूर बताए जा रहे हैं, जो दिनभर की दिहाड़ी के बाद ऑटो में सवार होकर अपने घरों की ओर लौट रहे थे। चश्मदीदों में घायलों ने बताया कि सन्नाटे को चीरती हुई कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि ड्राइवर को संभलने का मौका तक नहीं मिला। अपनी साइड में ठीक चल रहा था आटो पर गलत साईड और तेज स्पीड से आ रही कार ने एक ही क्षण में सब कुछ बदल दिया। हादसे की आवाज सुनकर पास के पुलिस नाके पर तैनात कर्मियों ने डायल 112 को सूचना दी, तुरंत मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस डायल 112 व एम्बुलेंस की मदद से घायलों को नागरिक अस्पताल कैथल पहुंचाया गया। जिनमें एक की मौके पर मौत हो चुकी थी एक व्यक्ति की इलाज दौरान मौत हो गई व 8 घायलों को गंभीर चोटें आई है। मिली जानकारी अनुसार कार चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। थाना प्रभारी सतपाल ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार चालक की फिलहाल पहचान नहीं हुई है। इस हादसे ने एक बार फिर रात के समय सड़कों पर तेज रफ्तार और सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## स्कूलों की मनमानी पर प्रशासन सख्त
## एक डिपो से किताबें खरीदने की मजबूरी तुरंत बंद करें




**नरवाना, 14 अप्रैल ( नरेन्द्र कुमार ) :** नरवाना में निजी स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। एसडीएम जगदीश चंद्र ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि विद्यार्थियों को किसी एक विशेष बुक डिपो से किताबें खरीदने के लिए मजबूर करना तुरंत बंद किया जाए, अन्यथा संबंधित स्कूलों की मान्यता तक रद्द की जा सकती है। एसडीएम ने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि कई निजी स्कूल अपने स्तर पर नियम बनाकर अभिभावकों को चयनित बुक डिपो से ही किताबें खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं। कुछ मामलों में एक ही प्रकाशन की किताबें लागू कर दी गई हैं। जो केवल तय डिपो पर ही उपलब्ध होती हैं। इससे अभिभावकों से मनमानी कीमत वसूली जा रही है। उन्होंने इस पूरे मामले को अभिभावकों का सीधा आर्थिक शोषण बताते हुए कहा कि इसमें स्कूल संचालकों और बुक डिपो मालिकों की मिलीभगत और कमीशनखोरी की आशंका है। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि इस तरह की मुनाफाखोरी तुरंत बंद की जाए। एसडीएम जगदीश चंद्र ने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्कूल के खिलाफ इस प्रकार की शिकायत मिलती है तो उसकी मान्यता और रजिस्ट्रेशन रद्द करने सहित सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।साथ ही उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि इस मामले पर कड़ी नजर रखी जाए और शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि यदि कोई स्कूल इस प्रकार की मनमानी करता है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें ताकि दोषियों पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम : मीनाक्षी शर्मा



**असंध, 14 अप्रैल ( दलसिह मान ) :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। यह कानून महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं बल्कि नीति निर्माण में सशक्त भागीदार बनाएगा। महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण से मजबूत राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिलेगा। अब यह कानून महिलाओं को और आगे बढ़ाने का काम करेगा । उपरोक्त विचार भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मीनाक्षी शर्मा सालवन ने कहे। मीनाक्षी शर्मा ने इसे ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक बताते हुए कहा कि आज नारी शक्ति केवल एक विचार नहीं, बल्कि देश की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रही है।

यह अधिनियम विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रभावी योजनाएं संचालित की गई है जिन्होंने महिलाओं के जीवन के हर पहलू को सशक्त किया है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मीनाक्षी शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के कारण महिलाओं को नीति की लाभार्थी से नीति की निर्माता बनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक और प्रभावशाली कदम उठाए है।

# शाहाबाद में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का भव्य स्वागत
# बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि, पंचकुला के लिए भरी हुंकार



**शाहाबाद मारकंडा, 14 अप्रैल ( रूबी ) :** हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के शाहाबाद पहुँचने पर भाजपा नेता सुभाष कलसाना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार नागरिक अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के पश्चात कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा और सुभाष कलसाना ने उपस्थित वर्करो के साथ भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बाबा साहेब अमर रहें के नारों से माहौल गूंज उठा। इस दौरान दौरान कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के मार्गदर्शक हैं। उनके द्वारा बनाया गया संविधान ही है जो आज देश के हर नागरिक को समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करता है। भाजपा की सरकार बाबा साहेब के अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है, जहाँ विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रही है।

वहीं भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा आज हम सभी बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हैं। उनके विचार हमें सामाजिक समरसता और एकजुटता की प्रेरणा देते हैं। शाहाबाद की जनता और हमारे कार्यकर्ता हमेशा विकास और न्याय की राजनीति के साथ खड़े हैं। शाहाबाद में श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा और सुभाष कलसाना के नेतृत्व में सभी नेता और कार्यकर्ता पंचकूला में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय अंबेडकर जयंती समारोह के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुपार्शव जैन, नगर पालिका के पूर्व प्रधान बलदेव राज चावला, पार्षद ईशु सचदेवा, कमित सचदेवा, जतिन पोपली, एडवोकेट मनदीप रावा अभिषेक छाबड़ा, एडवोकेट अशोक वत्स, अनिल गोलपुरा, नरेश खेड़ा, सतीश कुमार, तिलक राज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकार किसानों की फसल पर एमएसपी को खत्म करने का रच रही षड्यंत्र : बख्शीश सिंह विर्क



**असंध, 14 अप्रैल ( दलसिह मान ) :** कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क ने मंगलवार को अनाज मंडी बल्ला का दौरा कर किसानों, मजदूरों और आढतियो से बातचीत की तथा उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि किसानों पर एक तरफ मौसम की मार है तो दूसरी तरफ सरकारी नीतियों का बोझ, जिस हालत में हद गंभीर हो गए हैं। विराट ने आरोप लगाया कि प्रदेश की नायब सैनी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार एसपी पर गेहूं और सरसों की खरीद को खत्म करने की साज़िश रच रही है। उन्होंने कहा कि मेरी फसल, मेरा बोरा पोर्टल के नाम पर बायोमेट्रिक बाधाएं ट्रैक्टर पर नंबर की फोटो अपलोड जैसी शर्तें लगाकर किसानों को परेशान किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि इन नियमों से छोटे और सीमांत किसानों पट्टेदार किसानो और मजदूरों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है।

विर्क ने आढतीयो की स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को मंडियों में सफाई, पेयजल और जाम जैसी बुनियादी सुविधाओं से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उठान न होने से मंडियों में गेहूं का स्टॉक बढ़ता जा रहा है, जिससे जाम की स्थिति बन गई है और किसानों को भुगतान में देरी हो रही है। बारदाने की भारी कमी और पोर्टल में डेटा गड़बड़ी जैसी समस्याएं भी किसानों के सामने खड़ी है।

विर्क ने यह भी आशंका जताई कि पांच राज्यों के चुनाव के बाद देश में गैस, पेट्रोल और डीजल के दाम रातों रात बढ़ा दिए जाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी किसानों और मजदूरों के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# ट्रैफिक समस्या : गेहूं के सीजन दौरान ऐलनाबाद में लोगों की परेशानी बढ़ी



**सिरसा, 14 अप्रैल ( ब्यूरो ) :** जिला के ऐलनाबाद शहर के मेन बाजार में ट्रैफिक की समस्या दिन-प्रति-दिन बढ़ती जा रही है, जिससे आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब रबी सीजन में किसान अपनी फसल लेकर अनाज मंडी में आ रहे है और सरकार द्वारा फसल खरीद के दौरान बायोमेट्रिक सिस्टम लागू करने से शहर में ट्रैफिक की समस्या और भी गंभीर हो गई है, क्योंकि गेट पास जल्दी नहीं मिलने से किसानों को अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली लाइनों में खड़े करने पड़ रहे हैं और शहर में बार-बार ट्रैफिक जाम हो रहा है। इसके साथ ही ज्यादातर व्यापारी शहर के पुराने बाजार में ट्रकों और दूसरी गाड़ियों से अपना माल उतारते हैं, जिससे लगातार ट्रैफिक जाम हुआ रहता है। कुछ समय पहले सिविल प्रशासन ने शहर के पुराने बाजार में माल उतारने वाली गाड़ियों का समय तय किया था, जिससे ट्रैफिक जाम में कुछ हद तक सुधार हुआ था, लेकिन अब गाड़ियां हर समय वहां खड़ी नजर आती हैं। ट्रैफिक पुलिस ने अभी तक इस समस्या को हल करने के लिए कोई खास कोशिश नहीं की है। शहर में एक बड़े बैंक की ब्रांच भी है, जहां लोग आते-जाते रहते हैं और यहां गाड़ियां सड़क पर बड़ी संख्या में खड़ी दिखती हैं। कई बार इमरजेंसी में मरीज ले जा रही एंबुलेंस भी इस ट्रैफिक जाम में फंस जाती हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि मुख्य बाजार में ट्रैफिक की समस्या का तुरंत हल किया जाए। लोगों का कहना है कि ट्रैफिक की समस्या को हल करने के लिए पुलिस को मेन बाजार में निरंतर पेट्रोलिंग करनी चाहिए।

थाना प्रभारी प्रगट सिंह ने बताया कि रबी सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए 6 और पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं और अनाज मंडी के मेन गेट के पास ट्रैफिक पुलिस तैनात रहती है।


# सिरसा सांसद कुमारी सैलजा आज करेंगी नरवाना अनाज मंडी का दौरा, किसानों-मजदूरों की समस्याएं सुनेंगी



**नरवाना, 14 अप्रैल ( नरेन्द्र कुमार ) :** सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा बुधवार 15 अप्रैल को नरवाना विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचेंगी। इस दौरान वे नरवाना की मेला अनाज मंडी में पहुंचकर गेहूं खरीद व्यवस्था का जायजा लेंगी और किसानों व मजदूरों से सीधे संवाद करेंगी। पार्षद आशुतोष शर्मा ने बताया कि सांसद दोपहर करीब 2 बजे अनाज मंडी पहुंचेंगी। यहां वे पिछले कई दिनों से धरने पर बैठे किसानों और मजदूरों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनेंगी। साथ ही मौके पर मौजूद अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश भी देंगी।मौजूदा समय में गेहूं खरीद को लेकर किसानों और मजदूरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पोर्टल सिस्टम, बायोमेट्रिक प्रक्रिया और नई शर्तों के कारण खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। मंडियों में न तो समय पर खरीद हो पा रही है और न ही फसल का उठान और भुगतान सुचारू रूप से हो रहा है। ऐसे में सांसद सैलजा का यह दौरा किसानों के लिए काफी अहम माना जा रहा है।बताया जा रहा है कि सांसद सैलजा पिछले कई दिनों से खरीद संबंधी समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के संपर्क में हैं और लगातार किसानों की आवाज उठा रही हैं।इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी बृजेंद्र सुरजेवाला सहित कई अन्य प्रमुख नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे, जिससे कार्यक्रम को राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अनाज मंडी के दौरे के बाद सांसद सैलजा दोपहर करीब 3 बजे हरियल चौक स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंचेंगी जहां वे पार्टी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनेंगी।

पार्षद आशुतोष शर्मा ने क्षेत्र के किसानों, मजदूरों और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याएं सांसद के समक्ष रखें, ताकि उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके।

# खंड स्तरीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन




**राजौंद, 14 अप्रैल ( नरेश कुमार ) :** मंगलवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में गुरु रविदास जन कल्याण ट्रस्ट राजौंद द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। ट्रस्ट के प्रधान रवि कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में उचाना हल्का के विधायक और कलायत हल्का के प्रभारी देवेन्द्र अत्री को आना था लेकिन उनका स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण उनकी पत्नी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। उन्होंने बाबा साहब द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलने का संदेश दिया और शिक्षित होने पर जोर दिया अपने बच्चों को पढ़ाने का जोरदार समर्थन किया। खंड के आसपास के गाँव के पंच सरपंच और 36 बिरादरी के युवाओं ने भाग लेकर इस पावन कार्य में अपनी आहुति डाली। इस अवसर पर राकेश कुमार बंगाली, नाथी, मोहन, मन्नू पहलवान, पवन आर्य, होशियार सिंह, महेश, सुरेश, समनदीप, अशोक पार्षद, सुखदेव, गौरी शर्मा, हरियाणा पुलिस की नशा मुक्ति टीम व ट्रस्ट के सभी सदस्य मौजूद रहे।



# बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

## *बाबा साहब ने हर वर्ग को समान अधिकार प्रदान किए और लोकतंत्र को मजबूत आधार दिया : करमवीर बोद्ध*






**करनाल, 14 अप्रैल ( रविन्द्र/ संदीप ) :** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) की ओर से शहर में भव्य पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं ने भाग लेकर बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की। पदयात्रा को राज्यसभा सांसद करमवीर बोद्ध ने माल रोड स्थित डीसीसी कार्यालय से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता शहरी जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने की। पदयात्रा डीसीसी कार्यालय से शुरू होकर अंबेडकर चौक पर जाकर संपन्न हुई। अंबेडकर चौक पर पहुंचने के बाद सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान लड्डू बांटकर लोगों में खुशी साझा की गई और बाबा साहब के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद करमवीर बोद्ध ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते हुए एक ऐसे संविधान का निर्माण किया, जिसने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने देश को ऐसा संविधान दिया, जिसने हर वर्ग को समान अधिकार प्रदान किए और लोकतंत्र को मजबूत आधार दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो का संदेश हर नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है और युवाओं को विशेष रूप से उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस मौके पर शहरी जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जो समाज को आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलते हुए समाज में भाईचारा, समानता और न्याय की स्थापना करनी चाहिए। उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि हमें बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर जोगिंदर वाल्मीकि, बिंदर पोसवाल, दिलशेर डाचर, तरुण चौहान, पंकज गाबा, निश्चय सोई ललित अहूजा, दीपक महाजन, हरपाल कलामपुरा, राजीव गोंदर, गुरविंदर कौर, दीपक चौधरी, रोहित जोशी, रोबिन माइकल, परवीन पुनिया, रामचंदर ताया, सुरेंद्र नंबरदार, राकेश डाकवाला, गुरमीत सिंह, विनोद तोतोरिया, सुरेश काछवा, रोनक राम, जितेंद्र पंचाल, पृथ्वी भाट रोहताश वाल्मीकि सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 15 अप्रैल को स्कूटी रैली निकाल प्रधानमंत्री का धन्यवाद करेंगी शहर की महिलाएं : सुमन बहमनी



**यमुनानगर, 14 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करने को लेकर 15 अप्रैल यानि बुधवार को शहर में धन्यवाद स्कूटी रैली निकाली जाएगी। रैली सुबह दस बजे डीएवी कॉलेज के मुख्य गेट से रवाना होगी। जिसमें सैकड़ों महिलाएं भाग लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करेंगी। यह जानकारी महापौर सुमन बहमनी ने दी। वह महापौर कार्यालय में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद, भाजपा नेत्री मनीषा व काफी संख्या में नगर निगम की महिला कर्मियों व अन्य महिलाओं ने हस्ताक्षर कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि यह रैली डीएवी कॉलेज के मुख्य द्वार से शुरू होकर प्यारा चौक से घूम कर निरंकारी चौक, शहीद भगत सिंह चौक से वापस डीएवी कॉलेज पर आकर संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में महिलाओं के लिए यह अधिनियम पारित किया गया है। यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने एवं राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त बनाएगा और समाज में उनकी भागीदारी को और अधिक मजबूत करेगा। यह अधिनियम देश की महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। भाजपा नेत्री रोजी मलिक आनंद ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को नई दिशा देगा। भाजपा हमेशा से महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है और यह कदम उसी संकल्प का प्रमाण है। भाजपा नेत्री मनीषा ने कहा कि नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है, इसी विचार के साथ भाजपा संगठन महिला सशक्तिकरण के इस मिशन को मजबूती से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने सभी महिला कर्मियों व महिलाओं को 15 अप्रैल को डीएवी कॉलेज के सामने रेलवे रोड पर निकाली जाने वाली धन्यवाद रैली में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

# मोबाइल की लत पर साइकिल वाला वार, अखबार बांटने वाला बना सड़क सुरक्षा का सिपाही



**निसिंग, 14 अप्रैल ( जोगिंद्र सिंह ) :** जहां एक तरफ सड़क हादसे लगातार बढ़ रहे हैं और लोग वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से चिपके रहते हैं, वहीं निसिंग का एक साधारण अखबार वितरक समाज को आईना दिखा रहा है। साइकिल पर अखबार बांटने वाले राजेश सिंगला ने अपनी मेहनत के साथ-साथ एक मिशन भी जोड़ लिया है-लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना। राजेश सिंगला अपनी साइकिल पर बड़े-बड़े संदेश लिखे पोस्टर लगाकर गलियों और सड़कों पर निकलते हैं। उनका साफ कहना है कि मोबाइल का मोह, मौत को न्योता बनता जा रहा है। साइकिल, बाइक या कार चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न केवल खुद की जान खतरे में डालता है, बल्कि दूसरों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है। गौर करने वाली बात यह है कि जहां सरकारें करोड़ों रुपये खर्च कर जागरूकता अभियान चलाती हैं, वहीं राजेश सिंगला बिना किसी संसाधन के, अपने रोजमर्रा के काम के जरिए लोगों को चेतावनी दे रहे हैं। सुबह से लेकर दोपहर तक गांव-गांव, गली-गली घूमते हुए वे न सिर्फ अखबार पहुंचाते हैं, बल्कि हर नजर को एक संदेश भी थमा देते हैं। इस पहल की सराहना करते हुए समाजसेवी मास्टर रामजवारी शर्मा ने कहा कि राजेश सिंगला पिछले कई वर्षों से निसिंग सहित आसपास के गांवों में घर-घर अखबार पहुंचा रहे हैं। लेकिन अब उन्होंने अपने काम को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दे दिया है। आज जब लोग जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं, ऐसे में राजेश जैसे लोग समाज के लिए मिसाल हैं, स्थानीय लोगों का कहना है कि राजेश का यह प्रयास सीधे दिल और दिमाग पर असर करता है। बिना भाषण दिए, बिना मंच के, वे सड़कों पर चलते-फिरते जागरूकता अभियान चला रहे हैं। आज जरूरत है कि हर नागरिक राजेश सिंगला के इस संदेश को गंभीरता से ले। क्योंकि एक छोटी सी लापरवाही-चलती गाड़ी मेंमोबाइल—किसी की जिंदगी हमेशा के लिए बदल सकती है।

# फसल अवशेषों में आग न लगाए, बल्कि उन्हें खेत की मिट्टी में ही मिला दें : उपायुक्त प्रीति

**यमुनानगर, 14 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** उपायुक्त प्रीति ने बताया कि गेहूं कटाई का सीजन पूरी जोरों पर है। इसलिए किसान गेहूं कटाई के उपरांत फसल अवशेषों को आग लगा देते हैं। इसलिए उन्होंने किसानों से अपील है कि वे फसल अवशेषों को न जलाएं बल्कि इनका सदुपयोग कर भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाए। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे अपने फसल अवशेषों में आग न लगाए, बल्कि उन्हें खेत की मिट्टी में ही मिला दें। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है रबी की फसल के दौरान अक्सर किसानों द्वारा गेहूं की फसल कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों में आग लगा दी जाती है और फसल अवशेष जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति के साथ-साथ पोषक तत्वों का नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि अवशेषों में आग लगाने से जैविक पदार्थ नष्ट हो जाते हैं और किसान के मित्र कीटों का नुकसान होता है। उन्होंने ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, राख, सल्फर हाईआक्साईड, मीथेन व अन्य अशुद्धियाँ उत्पन्न होती है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। इन्हें जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होने के साथ-साथ भूमंडलीय तापमान में बढ़ोतरी होती है तथा छोटे पौधे व वृक्षों पर आश्रित पक्षी मारे जाते हैं। उपायुक्त ने बताया कि फसल अवशेषों के साथ यूरिया खाद मिलाने से अच्छी जैविक खाद मिलती है। भूमि की उर्वरा शक्ति व जैविक कार्बन में बढ़ोतरी होती है। उन्होंने बताया कि इससे समय की बचत होती है और उपयुक्त समय पर बिजाई संभव होती है। फसल अवशेष पोटाश व अन्य पोषक तत्वों की कमी को पूरा करने का महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। इससे रासायनिक खादों पर निर्भरता कम होती है और पानी की बचत होती है। फसल अवशेष अत्याधिक गर्मी व ठंड में भूमि के तापमान नियंत्रण में सहायक होते है। बदलते मौसम के प्रभाव का प्रकोप कम होता है। उन्होंने बताया कि फसलों की उपज में 2 से लेकर 4 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी होती है। लम्बे समय में भूमि के भौतिक रासायनिक व जैविक गुणों में सुधार होता है तथा उत्पादन लागत में कमी आती है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने से होने वाले प्रदूषण से मनुष्य के स्वास्थ्य, संपत्ति की हानि, तनाव, क्रोध तथा जीवन को बाहरी खतरे की संभावना रहती है। जबकि इन अवशेषों से पशुओं के लिये तूड़ा बनाया जा सकता है। इसके जलाने से चारे की भी कमी हो जाती है। उन्होंने बताया कि सरकार के आदेशों की अवहेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है, तो उस व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती



**कुरुक्षेत्र, 14 अप्रैल ( करणदीप सिंह ) :** जिला कांग्रेस कार्यालय में भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष मेवा सिंह की अगुवाई में किया गया, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं उनके विचारों को याद करते हुए की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और न्याय का प्रतीक है। उनके द्वारा दिए गए संविधान ने देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक ढांचा प्रदान किया है, जो आज भी हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज में समानता, भाईचारे और न्याय की स्थापना के लिए कार्य करना चाहिए। इस मौके पर प्रदेश सोशल मीडिया अध्यक्षा मोनिका डुमरा ने सोशल मीडिया की बढ़ती भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया एक शक्तिशाली माध्यम बन चुका है, जिसके जरिए आम जनता तक अपनी बात प्रभावी तरीके से पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के सही उपयोग, फेक न्यूज़ से बचाव और सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया। मोनिका डुमरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सोशल मीडिया के माध्यम से जनता के मुद्दों को मजबूती से उठा रही है और आने वाले समय में इसे और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करें और पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। इस अवसर पर प्रदेश सोशल मीडिया समन्वयक विशाल राणा, प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा, जिला कांग्रेस महासचिव पवन चौधरी, विवेक भारद्वाज डब्बू, कोषाध्यक्ष संजीव सैनी भूखड़ी, रवि देशवाल, निर्मल सिंह, अमन सिंह, रणबीर सिंह, रघबीर संधू, बलजीत सिंह, सतीश शर्मा, जाफर खान पीपली, अमर सिंह, अमित शर्मा, जगत सैनी, लाड़ी, मनोज शर्मा, मीना शर्मा, के इलावा कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पक्षी संरक्षण विषय पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन



**मूनक, 14 अप्रैल ( जय भगवान ) :** आर्य कन्या महाविद्यालय गुरुकुल मोर माजरा पक्षी संरक्षण छोटे कदम बड़ा बदलाव विषय पर एक जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उददेश्य विद्यार्थियों को पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझाना रहा। इस अवसर पर किरण ने मुख्य वक्ता के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी और जल संकट के कारण पक्षियों के सामने जीवन-यापन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि हम छोटे-छोटे प्रयास करें, तो हम पक्षियों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विदयार्थियों को घरों की छतों, बालकनियों एवं खुले स्थानों पर पानी के बर्तन रखने, नियमित रूप से दाना डालने तथा पेड़-पौधों की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एक महत्वपूर्ण संदेश भी दिया जल अनमोल है जल बचाओ, पक्षी को बचाओ, पृथ्वी को बचाओ कार्यक्रम के अंतर्गत महाविधालय परिसर में पक्षियों के लिए जल पात्र (बाउल) रखने की विशेष गतिविधि भी आयोजित की गई। इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और परिसर के विभिन्न स्थानों पर मिटटी के बर्तनों में स्वच्छ जल भरकर रखा, ताकि पक्षियों को गर्मी के मौसम में राहत मिल सके। इस अवसर पर गुरुकुल प्रबंधन समिति के प्रधान सुखबीर सिंह मान एवं सचिव ओमप्रकाश ने इस कार्यक्रम की सराहना की एवं कहा कि विद्यार्थी पर्यावरण एवं पक्षी संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होती हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप कंधवाल ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने सभी विदयार्थियों को प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील रहने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी और अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। यह सेमिनार विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम ने सभी को यह संदेश दिया कि छोटी-छोटी कोशिशें ही बड़े बदलाव का कारण बनती हैं।

# कांग्रेस सेवादल दल ने बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर को किया नमन



**करनाल, 14 अप्रैल ( संदीप रोहिला ) :** कांग्रेस सेवादल दल ने डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। डा. अंबेडकर की प्रतिमा पुष्प अर्पित किए गए। जिला प्रधान अनिल शर्मा, प्रदेश सचिव बलजीत चौहान व महिला प्रधान हरदीप कौर ने कहा कि डा. भीमराव ने छूआछूत, भेदभाव व जातिवाद को समाप्त करने के लिए देश हित में संविधान का निर्माण किया था। संविधान में सबको बराबर का अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमें कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति जागृत रहना चाहिए। अपने अधिकारों की बात करने के साथ-साथ कर्तव्यों को भी निष्ठा से निभाएं। इस अवसर पर महासचिव जसबीर पन्नु, प्रदेश महासचिव सुनीता रानी, जिला महासचिव गुरमीत सिंह, प्रदेश संगठन सचिव ईशम सिंह चौहान, पुरुषोत्तम चौरा जिला उप प्रधान, सचिन तोमर, जिला सचिव सरदार सुखबीर सिंह जिला उप प्रधान, वेदपाल जिला सचिव, साहिल, मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा, राजपाल सिंह करनाल ब्लॉक अध्यक्ष, श्रवण कुमार ब्लॉक प्रधान इंद्री व ज्योति रानी, अमित कुमार मौजूद रहे।

## रायपुररानी में परशुराम जयंती पर 19 अप्रैल को विशाल धार्मिक आयोजन

**रायपुररानी, 14 अप्रैल ( देवेन्द्र सिंह ) :** परशुराम जयंती के अवसर पर 19 अप्रैल को रायपुररानी के श्री खेड़ा-शिव मंदिर में भव्य धार्मिक कार्यक्रम और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के प्रधान अरविंद वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे हवन से होगी, जिसके बाद 11 बजे पूर्णाहुति संपन्न होगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक शक्ति रानी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। आयोजन समस्त ब्राह्मण समाज कल्याण संघ रायपुररानी द्वारा किया जा रहा है। वही समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लें।

## नागपुर अनाज मंडी का चेयरमैन राजकुमार मेहता ने किया औचक निरीक्षण : सख्त निर्देश



**रतिया, 14 अप्रैल ( अमन सेठी ) :** गेहूं खरीद सीजन को सुचारू रूप से संचालित करने और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस उद्देश्य से रतिया मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजकुमार मेहता ने सोमवार को नागपुर अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन मेहता ने मंडी में व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और फसल लेकर पहुंचे किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त रखी जाएं। उन्होंने विशेष रूप से मंडी में चौकीदार की तैनाती, पीने के पानी की उपलब्धता, साफ-सफाई व्यवस्था, लाइट व्यवस्था और फसल की सुरक्षा को लेकर किए गए इंतजामों की जांच की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चेयरमैन ने कहा कि किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और मंडी में आने वाले हर किसान को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## बाबा साहब के संदेश शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो से लें प्रेरणा : राजेश वैद्य



**करनाल, 14 अप्रैल ( रविन्द्र मलिक ) :** देशभर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर करनाल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। शहर में जगह-जगह लोगों ने एकत्रित होकर बाबा साहब को याद किया और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अंबेडकर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर समाजसेवी राजेश वैद्य ने भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करते हुए एक मजबूत और समतामूलक संविधान का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब द्वारा दिया गया संदेश शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो आज भी प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। यह संदेश समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का मार्गदर्शन करता है। इस अवसर पर बलवीर, संजय, रवि सौदा, सतीश आदि उपस्थित रहे। सभी लोगों ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने और समाज में भाईचारा तथा समानता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## आर्य पब्लिक स्कूल सूढपुर में बैसाखी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया



**शाहाबाद मारकंडा, 14 अप्रैल ( रूबी ) :** आर्य पब्लिक स्कूल सूढपुर में बैसाखी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रबंधक अजीत सिंह राणा ने बच्चों को बताया कि इस दिन सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। बैसाखी एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह फसल कटाई का भी प्रतीक है। हरियाणा एवं पंजाब में इस दिन, किसान अच्छी फसल के लिए ईश्वर का धन्यवाद करते हैं और भविष्य की समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू धीमान ने भी बच्चों को इस पर्व के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने 13 अप्रैल 1919 में जलियांवाला बाग हत्याकांड में शहीद हुए लोगों को भी याद किया। वहीं आज के दिन डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधन समिति और सभी अध्यापकों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को बताया कि डा. अंबेडकर संविधान निर्माता थे। उन्होंने समाज से ऊंच-नीच का भेद मिटाया और सभी को समान अधिकार दिलाया।

# गरीबों, दलितों के मसीहा बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक : जगदीप वाल्मीकि

**करनाल, 14 अप्रैल ( सोनी दुआ ) :** अम्बेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा के नजदीक अम्बेडकर ब्लू क्लब हरियाणा द्वारा गरीबों, दलितों के मसीहा भारत रत्न डॉ. भीव राव अम्बेडकर जी की जयंती बड़े पैमाने पर मनाई गई, क्लब सदस्यों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की। अम्बेडकर ब्लू क्लब हरियाणा के जिलाध्यक्ष जगदीप वाल्मीकि ने बताया कि आज पूरा देश डॉ. अम्बेडकर साहब की जयंती मना रहा है, क्योंकि बाबा साहेब भारत वर्ष के गरीबों, दलितों के मसीहा थे, उनके विचार आज भी प्रासंगिक बने हुए है। उनके विचारों पर ही आज भारत की नींव टिकी हुई है। क्लब के प्रदेशाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि आज देश में एससी, एसटी वर्ग के लोग मान सम्मान ओर समानता के अवसरों के साथ आगे बढ़ पा रहे है, ये सब डॉ. भीम राव अम्बेडकर ओर राष्ट्रपिता ज्योतिबा फूले की देन है। दोनों ही महापुरुषों का ऋण दलित समाज कभी नहीं उतार सकता। कोषाध्यक्ष महावीर जोगी, रिंकू पांचाल, विकास शर्मा, विनोद सेन, रणबीर कश्यप, कमल वाल्मीकि, विनोद वाल्मीकि, प्रदीप वाल्मीकि, रिटा. इंसपेक्टर महेंद्र सिंह, संजय कोबरा, सुभाष कश्यप, प्रदीप वाल्मीकि, संदीप जाटव सुखविंद्र सिंह, राजेश राठी, अजय, बसंत वाल्मीकि, राजकुमार जोगी, विनोद वाल्मीकि ने संयुक्त रूप से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके द्वारा समाज के लिए किए गए अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। क्लब सदस्यों ने सर्व समाज की ओर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा का भी क्लब सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस के नवनिर्वाचित राज्य सभा सांसद कर्मबीर बौद्ध, वरिष्ठ एडवोकेट अमृत बिसियर सहित गणमान्य व्यक्ति भी क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे।

*अम्बेडकर चौक पर अम्बेडकर ब्लू क्लब हरियाणा का भव्य आयोजन*



# एसडीएम ने खरीद केंद्रों का निरिक्षण कर सुविधाओं व फसल खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा

**रतिया, 14 अप्रैल ( अमन सेठी ) :** एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने खरीद केंद्रों का दौरा कर गेहूं खरीद प्रक्रिया से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने गेहूं खरीद केंद्र ब्राह्मणवाला और कमाना गावों का दौरा कर अधिकारियों को गेहूं खरीद व उठान के पुख्ता इंतजामों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याए सुनी और सभी खरीद एजेंसियों को निर्देशित किया कि मंडियों से खरीदे गए गेहूं को शीघ्र उठाने की व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई असुविधा न हो और मंडी में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।



एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि मंडियों में साफ़-सफ़ाई, पीने के पानी, नापतोल, बिजली आदि जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं लगातार बनी रहनी चाहिए। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों से कहा कि किसानों को मंडी में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सरकार के निर्देशानुसार किसानों को निर्धारित समय सीमा के भीतर खरीदी गई फसल का भुगतान किया जाए। अनाज मंडी व खरीद केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल, बिजली व शौचालयों की व्यवस्था उचित होनी चाहिए।

# नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कुरुक्षेत्र, 14 अप्रैल ( करणदीप सिंह ) :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र के योग भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक क्रांति और राष्ट्र निर्माण के अग्रदूत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों और गणमान्य अतिथियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. राम भक्त लांग्यान (पूर्व आईएएस एवं अध्यक्ष, अंबेडकर भवन कुरुक्षेत्र) ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा स्थापित सामाजिक न्याय, समानता एवं शिक्षा के मूल्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दिशा देने में अत्यंत प्रासंगिक हैं। बाबा साहेब अंबेडकर ने एक-एक क्षण शिक्षा को प्राप्त करने में लगाया। उनका जीवन हमारे लिए एक आदर्श है। हम सभी को उनके संघर्षपूर्ण जीवन से शिक्षा लेकर अपना-अपना लक्ष्य बनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बाबा साहेब की शिक्षाओं से संबंधित साहित्य भी वितरित किया गया, जिससे वे उनके विचारों और शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात कर सकें। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहब के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित सभी को गहराई से प्रभावित किया। इसके साथ ही सांसद नवीन जिन्दल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए किए गए प्रयासों पर आधारित एक विशेष फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसने छात्रों में राष्ट्रभक्ति और जागरूकता की भावना को और प्रबल किया। इस अवसर पर निबन्ध लेखन, स्लोगन लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता 30 मेधावी छात्रों को नकद राशि व आकर्षक पुरस्कार दिए गए।



इन छात्रों में प्राची, देवर, सुजल, अर्पिता, मेघराज, पलक, ज्योति रानी, मनस्वी, एंजेल अरोड़ा, हिमांशी, मन्नत, नीति, दैविक, साधिका दीक्षित, नंदिनी वर्मा, कार्तिक, सोमेश, सन्वी, गौरव सैनी, इंद्रजीत सिंह, विनायक भाटिया, शिव अरोड़ा, युवानी, हविशा मेहरा, तनित धीमान, यथार्थ गर्ग, जसन, कुश करण, अनहद और यशी शामिल रहे। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों को सांसद नवीन जिन्दल की ओर से बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन पर आधारित पुस्तक और राष्ट्रीय ध्वज भेंट किए गए। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन निरंतर ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करता रहेगा, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचारों से युवा पीढ़ी प्रेरणा लेकर एक बेहतर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग करने के लिए उन्होंने विद्यालय प्रशासन का धन्यवाद किया।

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना : नांदेड़ के लिए नि:शुल्क यात्रा का सुनहरा अवसर, 15 अप्रैल तक करें पंजीकरण

**फतेहाबाद, 14 अप्रैल ( अमन सेठी ) :** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत इस बार श्रद्धालुओं को तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब (नांदेड़) के पावन दर्शन कराने का विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत पात्र नागरिकों को नि:शुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे वे बिना किसी आर्थिक बोझ के धार्मिक यात्रा का लाभ उठा सकें। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है तथा पारिवारिक वार्षिक आय ?1.80 लाख से कम है, वे 15 अप्रैल तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते पंजीकरण करवाना आवश्यक है, ताकि पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को नांदेड़ के लिए विशेष रेलगाड़ी के माध्यम से भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5 मई को कुरुक्षेत्र से इस विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि यात्रा सुखद और व्यवस्थित रहे। डीआईपीआरओ ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाना तथा उन्हें आध्यात्मिक शांति और अनुभव प्रदान करना है। यह पहल न केवल बुजुर्गों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है, बल्कि समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करती है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने आसपास के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना के बारे में अवश्य जानकारी दें और उन्हें पंजीकरण के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पुनीत योजना का लाभ उठा सकें।

# गलैक्सी ग्रुप के प्रयासों से देव गुरुकुल ने की शिक्षा ओर संस्कार के क्षेत्र में प्रेरणादायक पहल : विनोद गोयल

**तरावड़ी, 14 अप्रैल ( छाया शर्मा ) :** गलैक्सी ग्रुप के अथक प्रयासों से देव गुरुकुल ने शिक्षा ओर संस्कार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पहल करते हुए जेनेसिस कक्षाओं का भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ किया गया। यह अवसर न केवल एक नई शैक्षणिक शुरुआत का साक्षी बना, बल्कि सेवा, संस्कार और श्रेष्ठ शिक्षा के समन्वय का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करता नजर आया। गलैक्सी ग्रुप के चेयरमैन विनोद गोयल, कृष्ण गोयल एवं विजय गोयल ने स्वयं मौके पर पहुंचकर न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि पूरे आयोजन को एक उच्च स्तर की गरिमा और अनुशासन प्रदान किया। विद्यार्थियों के लिए बैठने, मार्गदर्शन, सुरक्षा और सुविधा से जुड़े हर पहलू पर बारीकी से ध्यान दिया गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि गलैक्सी ग्रुप शिक्षा के क्षेत्र में केवल नाम ही नहीं, बल्कि गुणवत्ता और प्रतिबद्धता का भी प्रतीक बन चुका है। जेनेसिस के चेयरमैन जितेंद्र अहलावत के नेतृत्व में इस अवसर पर यह संकल्प दोहराया गया कि हर विद्यार्थी को उसकी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ने का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जेनेसिस संस्थान पहले से ही करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल, पानीपत, शामली और मुरादाबाद में अपनी गुणवत्ता का परचम लहरा रहा है, जहां हजारों छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। देव गुरुकुल प्रबंधन समिति के चेयरमैन विनोद गोयल, कृष्ण गोयल, विजय गोयल एवं निदेशक मैनपाल शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य शिक्षा को एक नई दिशा देना है, जहां विद्यार्थी केवल परीक्षा पास करने तक सीमित न रहें, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करें। उन्होंने विश्वास जताया कि जेनेसिस कक्षाओं की यह शुरुआत क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में कर्नल अरुण दत्ता, कर्नल अशोक मोर, डॉ. नितेंद्र अहलावत सहित कई गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी।



# डा. बी.आर. अम्बेडकर के विचार आगे बढ़ने की देते है प्रेरणा : डा. एचके



**शाहाबाद मारकंडा, 14 अप्रैल ( रूबी ) :** किशनगढ़ रोड़ स्थित धीमान इंस्टिच्यूट ऑफ मैडिकल टेक्नोलॉजी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान में डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। संस्थान के संचालक डा. एचके धीमान ने बाबा साहेब के विचारों को याद करते हुए कहा कि डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रेरणादायक है।

उनके विचार युवाओं को आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा देते हैं। धीमान ने कहा कि बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा देश के लिए किए गए योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक भी हैं। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए अथक प्रयास किए। उनके विचार आज भी देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। डा. धीमान ने कहा कि हम सभी को बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समरसता और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए।

# कलायत अनाज मंडी पहुँचे विधायक विकास सहारण; खरीद व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार को घेरा

**कलायत, 14 अप्रैल ( सूबे सिंह मोर ) :** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के बीच, कलायत से कांग्रेस विधायक विकास सहारण ने स्थानीय अनाज मंडी का औचक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में किसानों और आढ़तियों की समस्याएं सुनीं और खरीद प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोल



**किसानों के साथ खड़े नजर आए सहारण**

विधायक विकास सहारण ने मंडी के प्रत्येक शेड का दौरा किया, जहाँ उन्होंने फसल के ढेर और उठान की सुस्त रफ्तार पर गहरी चिंता व्यक्त की। किसानों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अन्नदाता अपनी फसल को मंडी में लाने के बाद भी सरकार की कुप्रबंधन वाली नीतियों के कारण परेशान है।

**सरकार पर उठाए गंभीर सवाल**

सहारण ने भाजपा सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए निम्नलिखित मुख्य बिंदु उठाए:

उठान की समस्या : उन्होंने आरोप लगाया कि मंडी में फसल तो आ रही है, लेकिन उसका समय पर उठान नहीं हो रहा, जिससे मंडियों में जगह की कमी हो गई है।

**भुगतान में देरी :** विधायक ने कहा कि सरकार 72 घंटे में भुगतान का दावा करती है, लेकिन हकीकत में किसान अपने ही पैसे के लिए दर-दर भटक रहा है।

**पोर्टल की परेशानी :** उन्होंने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा जैसे पोर्टल्स पर आने वाली तकनीकी दिक्कतों को किसानों के लिए मानसिक प्रताड़ना करार दिया।

भाजपा सरकार केवल विज्ञापनों में किसान हितैषी होने का ढोंग करती है। जमीनी हकीकत यह है कि आज कलायत की अनाज मंडी में किसान और आढ़ती दोनों बेबस हैं।

कांग्रेस पार्टी सदन से सड़क तक किसानों के हक की लड़ाई लड़ेगी। विकास सहारण, विधायक (कलायत) अधिकारियों को दी चेतावनी दौरे के अंत में विधायक ने संबंधित अधिकारियों और मार्केट कमेटी के सचिव से बात की और उन्हें सख्त निर्देश दिए कि खरीद और उठान की प्रक्रिया में कोई कोताही न बरती जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी।

# परिश्रम, समृद्धि और नई शुरुआत का संदेश देता है बैसाखी पर्व : रागिनी राय

**तरावड़ी, 14 अप्रैल ( छाया शर्मा ) :** गीता मॉडर्न सीनियर सैकेंडरी स्कूल तरावड़ी में बैसाखी पर्व एवं अंबेडकर जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए, जिनमें पंजाब की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। बच्चों के जोश और उमंग से भरे इन नृत्यों ने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे छात्रों ने अपनी प्रस्तुति से माहौल को उत्सवमय बना दिया। विद्यार्थियों द्वारा एक प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों को सजीव रूप में दर्शाया गया। छात्रों ने उनके संघर्ष, शिक्षा के प्रति समर्पण और समाज सुधार के लिए किए गए प्रयासों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे सभी दर्शक भाव-विभोर हो उठे। विद्यालय की प्रधानाचार्या रागिनी राय ने कहा कि वैसाखी का पर्व हमें परिश्रम, समृद्धि और नई शुरुआत का संदेश देता है, वहीं डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें शिक्षा, समानता और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया और कहा कि यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विद्यालय के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि वैसाखी हमें एकता और भाईचारे का संदेश देती है, जबकि डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें समाज में समानता स्थापित करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सराहा गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस प्रकार, यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध रहा, बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ने में सफल रहा।

*विद्यार्थियों ने किया प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत*

